लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी



आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी



'किसी से हाय-हेलो मत करना'

वर्ष : 12 | अंक : 157 | लखनऊ, 31 मई, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मानसून सीजन में पौधरोपण के लिए वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग लगातार बैठकें कर रहा और संवाद स्थापित कर रहा है। 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार कराए जा रहे हैं। इसमें औद्योगिक और इमारती, चारा और शोभाकार, पर्यावरणीय, फलदार, औषधीय समेत सभी प्रकार के पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

## यूपी में पौधरोपण महाभियान-2026

# मानसून सीजन को लेकर योगी सरकार की बड़ी तैयारी, प्रदेश में लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे

**अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,**

मानसून सीजन को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार बड़ी तैयारी में जुटी है। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 चलाएगा।



इस साल मानसून सीजन में जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। पिछले नौ साल में उत्तर प्रदेश ने 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया है। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन) सर्वाधिक 15 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगा। इसे लेकर जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठकें भी चल रही हैं। इस बार भी कई नए वन स्थापित होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को भी वृहद पौधरोपण कार्यक्रम होगा।

### गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे लगेंगे 5.50 लाख पौधे

*प्रदेश में एक्सप्रेसवे के किनारे भी पौधरोपण किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर हर एक किलोमीटर पर हरिशंकरी रोपा जाएगा, जबकि बीच-बीच में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग और सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन सुनिश्चित की जाएगी।*

### नए वन भी किए जाएंगे स्थापित

पौधरोपण महाभियान-2026 में इस वर्ष महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत कई नए वन स्थापित किए जाएंगे। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री का निर्देश- जनसहभागिता से मनाया जाए उत्सव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी को लेकर पिछले दिनों बैठक ली थी। उन्होंने बैठक में जनसहभागिता पर विशेष जोर देते हुए इसे उत्सव के रूप मे मनाने का निर्देश दिया था। सीएम योगी ने कहा था कि इसमें सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक-महिला मंगल दल, रोटरी-लायंस, ईको क्लब, एफपीओ, व्यापार मंडल आदि की भी सहभागिता अनिवार्य रूप से हो।

## खबर संक्षेप

### बहुचर्चित गनर मर्डर केस में 8 को उम्रकैद की सजा



**लखनऊ।** साल 2018 में कचहरी के पास जमीन कारोबारी संजय वर्मा पर दिन दहाड़े हुई फायरिंग और निजी सुरक्षा कर्मी की हत्या के मामले में 8 पर दोष सिद्ध हुआ है। विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अनुभव द्विवेदी की अदालत ने आरोपियों को आजीवन कारावास व एक-एक लाख अर्थदंड से भी दंडित किया है। इसके अलावा धारा 307 में 10-10 साल की सजा व 50-50 हजार का दंड भी लगाया है।

### झारखंड में आकाशीय बिजली से 5 की मौत



**रांची।** झारखंड में शुक्रवार से शनिवार सुबह तक राज्य के बड़े हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। भारी बारिश से राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में झारखंड के चार जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

### मुंबई में जलसा वंचित बहुजनांचा - 2026 का आयोजन; विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों का होगा सम्मान

मुंबई : वंचित बहुजन आघाड़ी, मुंबई प्रदेश की ओर से जलसा वंचित बहुजनांचा - 2026 इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता, चिकित्सा, शैक्षणिक, प्रौद्योगिकी, कला, सांस्कृतिक और फोटोग्राफी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मान्यवरों को इस अवसर पर VBA सम्मान पुरस्कार - 2026 देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वंचित बहुजन आघाड़ी के युवा नेता सुजात आंबेडकर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों के योगदान का सम्मान कर समाज में सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यह कार्यक्रम 3 जून 2026 को शाम 5 बजे मुंबई के माटुंगा स्थित यशवंत नाट्यगृह में आयोजित किया जाएगा।

### कार में जले मिले 4 शव बेटे ने ही की हत्या



**अजमेर।** अजमेर जिले के बोराड़ा में स्कॉर्पियो में 4लोगों के जले हुए शव मिलने का मामला पारिवारिक हत्याकांड के रूप में सामने आया है। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा कर दिया। मृतक पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी के 17 वर्षीय बेटे ने मां और बहन के साथ अंजाम दिया था।

## 'नौसेना शौर्य वाटिका' का लोकार्पण, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-

# हमारी सुरक्षा मजबूत होगी तो दुनिया दोस्ती करेगी,कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ लखनऊ,**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनाई गई नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया।

हमारे मन में सेना और यूनिफॉर्म पहनने वाली फोर्स के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री तापमान, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब भारत के 140 करोड़ लोग चैन की नींद सोते हैं। नौसेना शौर्य वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात लखनऊ में शनिवार को नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय का द्वितीय चरण) के लोकार्पण समारोह में कही।



### आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच जरूरी

शौर्य वाटिका 19 करोड़ रुपए की लागत से दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनाई गई है। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा देता है। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। हम जब अधूरी बात कहते हैं तो वह अर्थ का अनर्थ करती है, इसलिए पूरी बात कहना सीखें। भारत की ऋषि परंपरा प्रेरणा देती है कि 'अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च' यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिए।

### सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव रखें

सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं। सन 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में रोज कर्फ्यू लगता था, पेशेवर माफिया और अपराधियों ने जीना हराम कर दिया था। असुरक्षित वातावरण में विकास और निवेश की संभावनाएं क्षीण हो गई थीं। लेकिन जब हमारे सैनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तो नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव रखें।

### गौरव की अनुभूति कराती है नौसेना वाटिका

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ आने वाला हर व्यक्ति भारत की परंपरा, विरासत, सुरक्षा से जुड़ी इस नौसेना वाटिका का भ्रमण कर गौरव की अनुभूति कर सकता है। यह केंद्र प्रदेश के युवाओं को नई सोच के साथ देखने, सुनने व जानने का अवसर प्रदान कर रहा है। आईएनएस गोमती ने लंबे समय तक भारतीय नौसेना के माध्यम से भारत की समुद्री सीमा की रक्षा की। 2022 में उसे नौसेना से निवृत्त किया गया और उसका बेहतरीन उपयोग करते हुए लखनऊ की जीवनदायिनी गोमती नदी के तट पर स्थापित किया गया।

## रिशुश्री प्रकरण में सम्राट सरकार का एक्शन

# अनुचित लाभ लेने के आरोप में 2 आईएएस अफसर निलंबित

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पटना के टेंडर फिक्सिंग खिलाड़ी रिशुश्री पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट की कार्रवाई के बाद सम्राट चौधरी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। बिहार कैडर के कई आईएएस अधिकारियों के रिशुश्री से सांठगांठ और अनुचित लाभ लेने के आरोपों की चर्चा के बीच आईएएस अभिलाषा कुमारी शर्मा और योगेश कुमार सागर को सस्पेंड कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की और बताया कि कागजी प्रक्रिया की जा रही है।



**योगेश कुमार समाज कल्याण विभाग में निदेशक :** योगेश कुमार 2017 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में समाज कल्याण विभाग में निदेशक हैं। 2014 बैच की अधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा जीविका परियोजना की निदेशक की जिम्मेदारी निभा रही थी। 27 मई को एसवीयू ने ठेकेदार रिशुश्री के पटना स्थित आवास पर छापेमारी में अकूत संपत्ति की बरामदगी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। टेंडर माफिया के घर से दो करोड़ के सोना, चांदी, हीरा, लाखों कैश और प्रॉपर्टी के 61 डीड बरामद किए गए थे। सारण जिले का निवासी रिशुश्री पटना में रहकर सरकारी विभागों के टेंडर कमीशन लेकर मैनेज करता था। इसमें आईएएस लॉबी उसका मदद करती थी जिसके लिए रिशु उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाता था।

**मनी लाउंड्रिंग के मामले में आ सकते हैं बड़े चेहरे:** इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ रिशु से सांठगांठ के आरोप में ईडी भी पहले से कार्रवाई कर रही है। उस केस को स्पेशल विजिलेंस यूनिट को ट्रांसफर कर दिया गया है। आरोप है कि रिशु की कंपनी ने इनके परिवार के लोगों को विदेश यात्रा करवाई और उनके कई बड़े खर्चे उठाए। चर्चा है कि रिशुश्री से मिलीभगत कर सरकारी राशि का घपला करने और मनी लाउंड्रिंग के मामले में अभी कई बड़े चेहरे सामने आ सकते हैं। ठेकेदार रिशु की काफी पैठ है। वह पटना में बैठकर पूरे राज्य में सरकारी टेंडर से खेलता था । अपने चहेतों को 8 से 9 परसेंट कमीशन लेकर बड़े बड़े टेंडर दिलवाता था।

## सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की पीठ सुनाएगी फैसला

धार्मिक अधिकारों और समानता का मामला

# दूसरे धर्म में शादी करने वाली पारसी महिला को मंदिर जाने से ही रोका

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट ने एक पारसी महिला के साथ कथित धार्मिक भेदभाव के मामले में कहा है कि वह इस मुद्दे पर फैसला देने से पहले 9 जजों की संविधान पीठ के निर्णय का इंतजार करेगा। मामला उस पारसी महिला से जुड़ा है जिसने दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी की, लेकिन अपना धर्म नहीं बदला। उसे नागपुर के अग्नि मंदिर में प्रवेश से रोक दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला महिलाओं के धार्मिक अधिकारों और समानता से जुड़ा बड़ा संवैधानिक सवाल है।



### सीजेआई की बेंच करेगी सुनवाई

पीठ में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल थे। अदालत दीना बुधराजा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दीना ने एक हिंदू व्यक्ति से विवाह किया था, लेकिन उन्होंने पारसी धर्म नहीं छोड़ा। महिला ने कहा धार्मिक कार्यक्रमों और प्रार्थनाओं में शामिल होने की अनुमति दी जाए। नागपुर पारसी पंचायत का संविधान छूट नहीं देता है।

## जरांगे ने शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने शनिवार को जालना जिले में भीषण गर्मी के बीच अपना नौवां अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया। मुंबई से 400 किमी दूर स्थित अंतरवाली सराटी गांव में खुले मैदान में अनशन शुरू किया।मराठा आरक्षण मंत्रिमंडलीय उप-समिति अध्यक्ष-मंत्री ने मनाने की कोशिश की।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने कहा

# मतदाता सूची में पात्र ही लोग, एसआईआर सुप्रीम कोर्ट की जांच में भी खरा उतरा

## केवल अपात्रों को हटाया जा रहा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि भारत के ऐसे सभी नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है, जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है। जो लोग पात्र नहीं हैं उनके नाम व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। इनमें मृत, दोहराए गए नाम वाले, अनुपस्थित, स्थानांतरित और विदेशी मतदाता शामिल हैं। वे केंद्रीय निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### एसआईआर में 11 लाख अधिकारी तैनात

उन्होंने कहा कि इस कार्य को 11 लाख से अधिक बूथ-स्तर के अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और अन्य अधिकारी पूरा कर रहे हैं। ये राज्य सरकारों के कर्मचारी हैं, जिन्हें प्रतिनियुक्ति पर लगाया गया है। सभी दुनिया की सबसे सटीक मतदाता सूचियों में से एक तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं।

## राबड़ी के आवास पहुंची पटना पुलिस

# फोर्स बुला लो, बंगला खाली नहीं करेंगे, जो चाहे कर लो

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पर पुलिस पहुंच गई है। सरकार से नोटिस मिलने के बाद शनिवार को हुई राबड़ी ने कहा था कि वह बंगला खाली नहीं करेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को फोर्स बुलाकर आवास खाली कराने की खुली चुनौती भी दी। इसके कुछ घंटे बाद ही पटना पुलिस की टीम 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी देवी के आवास पर पहुंच गई। इससे बिहार का सियासी पारा गरमा गया है। बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को राज्य सरकार ने 39 हार्डिंग रोड स्थित नया सरकारी आवास आवंटित किया है। उन्हें कई बार 10 सर्कुलर रोड बंगला खाली करने का नोटिस दिया जा चुका है, जिसमें आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का परिवार दो दशक से रह रहा है। चौधरी ने उनकी चुनौती को स्वीकार कर लिया है।



## केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान ने घोषणा की

# देशभर में आज से पूरे माह चलेगा 'खेत बचाओ अभियान'

## इस दौरान संतुलित उर्वरक उपयोग पर रहेगा विशेष जोर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी संरक्षण, मौसम आधारित कृषि सलाह और सरकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ना है। अभियान केवल जागरूकता कार्यक्रम नहीं, खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाले राष्ट्रीय जनअभियान के रूप में विकसित करने की तैयारी की गई है।



### उच्चस्तरीय बैठक में तैयार की रणनीति

नई दिल्ली मेंउच्चस्तरीय बैठक मेंचौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का मुख्य फोकस खेतों की सेहत बचाने, कृषि लागत को नियंत्रित करने और किसानों को सही समय पर सही सलाह उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केंद्र, राज्य और पंचायतों की साझी भागीदारी के मॉडल पर संचालित होगा।

### सभी किसानों को जागरूक किया जाएगा

शिवराज ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख लक्ष्य होगा। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित खेती, संतुलित खाद उपयोग, हरी खाद, जैविक उत्पादों और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन और प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे।

### पूसा सम्मेलन में कृषि क्रांति का रोडमैप तैयार किया

नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में 28 और 29 मई को राष्ट्रीय खरीफ कॉन्फ्रेंस में देश के इतिहास में पहली बार 22 राज्यों के कृषि मंत्री एक साथ एक मंच पर जुटे। इसमें कृषि को केवल उत्पादन का विषय नहीं, बल्कि मिट्टी, पर्यावरण, किसान आय और भविष्य की सुरक्षा से जोड़ते हुए एक राष्ट्रीय मिशन के रूप में देखने का संकल्प लिया। राज्यों के कृषि और बागवानी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा की।

## संक्षेप

### वाहन चालक से मारपीट, गाली-गलौज और दस्तावेज व सामान छीनने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में वाहन चालक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और वाहन के दस्तावेज व सामान छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित वाहन मालिक ने आरोपी के खिलाफ बंथरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।बंथरा के कुरौनी स्थित भगवंत खेड़ा निवासी आकाश सिंह चौहान के मुताबिक उनका वाहन 28 मई को सुरेश भट्ठा, कुरौनी में मिट्टी ढुलाई कार्य में लगा था। आरोप है कि आनंदी माता मंदिर के पास पहले से मौजूद विक्की सिंह नामक युवक अपने साथियों के साथ वाहन (यूपी 32 पीआर 0253) से पहुंचे और उनके वाहन को रोककर चालक से चाबी छीन ली। इसके बाद आरोपियों ने अपनी गाड़ी को पीछे कर खड़े वाहन में टक्कर मार दी और चालक हंसराज के साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि चालक से जाति पूछकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से चालक काफी डरा सहमा है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज जनता की जेब पर डाका : लोकदल

लखनऊ। प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे समय में बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज बढ़ाने का फैसला जनता की जेब पर सीधा डाका डालने जैसा है। सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार नए-नए आर्थिक बोझ थोप रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं, बल्कि बिजली कंपनियों के हितों की सरकार बनकर काम कर रही है।

## चोरों ने ज्वेलर्स व्यवसाई के मकान से लाखों के गहने और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक ज्वेलर्स व्यवसाई के मकान से लाखों रुपए कीमत के गहने और नगदी पार कर दी। शनिवार सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है। सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट निवासी विकास कुमार बंथरा के हरौनी में राजेश ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी के गहनों की दुकान चलाते हैं। विकास शुक्रवार रात हरौनी स्थित एक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जबकि उनकी पत्नी कुसमा और बच्चे घर के अंदर एक कमरे में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे विकास मुंडन कार्यक्रम से लौटे और वह भी सो गए। शनिवार सुबह विकास जब बगल वाले कमरे में पूजा करने गए तो कमरे के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा होने के साथ वहाँ रखी अलमारी का ताला टूटा मिला। साथ ही अलमारी के अंदर रखा डेढ़ तोले सोने का हार, सोने की झुमकी, सोने के झाला, चादी की दो जोड़ी पायल और डेढ़ लाख रुपए की नगदी गायब मिली। यह देख उनके होश उड़ गये और उन्होंने आनन-फानन इसकी सूचना डायल 112 पर दी । सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। फिलहाल पुलिस चोरों का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## सतगुर स्वामी की तपस्थली पर उमड़ा आस्था का सैलाब, मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**सुबह से शाम तक चलता रहा दर्शन-पूजन और प्रसाद वितरण**

**12 वर्षों की तपस्या से जुड़ी है माता सनाही देवी मंदिर की मान्यता**

**सतगुर स्वामी की तपस्थली के रूप में प्रसिद्ध है यह पावन स्थल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के प्राचीन एवं श्रद्धा के केंद्र भटपुरवा धाम से लगभग 500 मीटर दूर स्थित माता सनाही देवी मंदिर स्थापना पर शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कई दशक पूर्व सतगुर स्वामी ने इसी पावन स्थल के पास 12 वर्षों तक कठोर तपस्या कर माता सनाही देवी के साक्षात दर्शन प्राप्त किए थे। उनके तप, त्याग और आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेकर समाजसेवी आशुतोष सिंह थापा ने गांव के बाहर मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर शिव परिवार और माता सनाही देवी मंदिर की स्थापना कराई। तब से यह स्थान श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर स्थापना और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व आशुतोष सिंह थापा, दौलतपुर के प्रधान प्रतिनिधि पवन शर्मा तथा विपिन शुक्ला ने किया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और देर शाम तक दर्शन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने शिव परिवार और माता सनाही देवी के जयकारों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। स्वयंसेवकों और आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रधान प्रतिनिधि पवन शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे धार्मिक एकता, सामाजिक सद्भाव और जनसहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## उप निबंधक कार्यालय में सर्वर पूरी तरह ठप हो जाने से रजिस्ट्री संबंधी सभी कार्य बाधित

**नाराज वकीलों ने विरोध स्वरूप कार्यालय का आधा शटर गिराकर कामकाज किया बंद**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर स्थित सरोजनीनगर उप निबंधक कार्यालय में शनिवार को सर्वर पूरी तरह ठप हो जाने से रजिस्ट्री संबंधी सभी कार्य बाधित हो गए। इससे नाराज वकीलों ने विरोध स्वरूप कार्यालय का आधा शटर गिराकर कामकाज बंद करा दिया। सर्वर की समस्या के कारण कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल रहा और रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताते हैं कि बीते गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे से ही सर्वर में तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं, जिससे रजिस्ट्री से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे थे। शनिवार सुबह सर्वर पूरी तरह बंद हो जाने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। कार्यालय में दस्तावेजों के पंजीकरण सहित सभी महत्वपूर्ण कार्य रुक गए। वकीलों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वर की समस्या कोई नई बात नहीं है। लंबे समय से तकनीकी खामियों के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि बार-बार सर्वर ठप होने से वकीलों के साथ-साथ आम नागरिकों का भी समय और धन बर्बाद हो रहा है। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं, लोगों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।

## पुणे से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान लखनऊ डाइवर्ट,

**यात्रियों ने नाराजगी जताकर एयरपोर्ट पर किया हंगामा,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। शुक्रवार देर रात पुणे से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण दिल्ली के बजाय लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। बाद में क्रू मेंबरों की ड्यूटी अवधि पूरी हो जाने के कारण उड़ान रद्द कर दी गई, जिससे यात्रियों में नाराजगी फैल गई और एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर स्थिति सामान्य की। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1231) शुक्रवार रात करीब 9:40 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। दिल्ली में अचानक खराब मौसम और उड़ान संचालन प्रभावित होने के चलते विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया था। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में कुल 166 यात्री सवार थे। यात्रियों को उम्मीद थी कि मौसम सामान्य होने पर उड़ान दिल्ली के लिए रवाना होगी, लेकिन विमान के स्टाफ की निर्धारित ड्यूटी अवधि पूरी हो जाने के कारण एयरलाइन ने उड़ान रद्द करने का निर्णय लिया। इसकी जानकारी मिलते ही कई यात्रियों ने एयरपोर्ट पर नाराजगी जताई और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए एयरलाइन और एयरपोर्ट अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था की। एयरलाइन्स अधिकारियों ने इनमें से 154 यात्रियों को लखनऊ से रात 1:14 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-2073) से दिल्ली रवाना किया। वहीं शेष 12 यात्रियों को शनिवार सुबह 7:55 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट आईएक्स-1767 में टिकट उपलब्ध कराकर भेजा गया। एयरलाइन की ओर से यात्रियों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

## ईको से टकरा बोनट में फंसा बाइक सवार, तीस फीट घसीटने से मौत

**मलिहाबाद के माल बॉर्डर के निकट हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार



मृतक संजीत फाइल – फोटो

लखनऊ। चाची को लेकर बाइक से दवा लेने जा रहा युवक चाची को अस्पताल पर छोड़कर बाइक में पेट्रोल भरवाने जा रहा था। तभी सामने से आ रही ईको कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के बेल बिरवा निवासी संजीत मौर्या (19) शनिवार दोपहर को चच्ची गुड्डी को लेकर अपाचे बाइक से दवा लेने नबीपनाह गया था. वहीं चाची को एक निजी अस्पताल पर छोड़कर बाइक में पेट्रोल भरवाने नबीपनाह के आगे माल मलिहाबाद मार्ग पर स्थित पेट्रोल टंकी पर जा रहा था। तभी सामने से रॉन्ग साइड से आ रही बेकाबू ईको कार ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक का दाहिना पैर इको कार के बोनट में ही फंस गया जिससे वह करीब 30 मीटर तक सड़क पर घसीटता हुआ चला गया ग्रामीणों का शोर सुनकर कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आमने-सामने टक्कर में ईको कार के एयरबैग खुलने से कार चालक बाल बाल बच गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बाइक सवार चालक संजीत ने हेलमेट नहीं पहन रखा था.जिसके चलते उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक संजीत औरैया जनपद में एक केला गोदाम में मजदूरी करता था। उसी से अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के परिवार में पिता मुन्नी लाल, माता विद्यावती, 6 भाई रंजीत, अमरजीत, छोटू, रोहित, रजनेश, राज और बहन रूबी है. जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाले दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से ईको कार चालक की तलाश की जा रही है।

## पिस्टल की सूचना पर दौड़ी पुलिस, जांच में निकला लाइटर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास शनिवार रात एक कथित पिस्टल को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की सूचना पर सक्रिय हुई डायल-112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि थाने में पूछताछ और तलाशी के दौरान सामने आया कि जिस वस्तु को लोग पिस्टल समझ रहे थे, वह असल में पिस्टलनुमा गन लाइटर था। जानकारी के मुताबिक संडीला क्षेत्र का रहने वाला एक युवक अपनी कार से दुबग्गा की ओर जा रहा था। इसी दौरान जगदीशपुर गांव के निकट सड़क पर भीड़ लगी दिखाई दी। वहां भनौरा गांव निवासी महिंद्रा पिकअप चालक का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि कार सवार युवक विवाद शांत कराने के उद्देश्य से मौके पर रुक गया और बीच-बचाव करने लगा। इसी दौरान युवक के हाथ में पिस्टल जैसी वस्तु दिखाई देने पर लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने आशंका जताई कि युवक हथियार के बल पर लोगों को डराने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पूछताछ के लिए माल थाने ले गई। पुलिस की जांच में मामला पूरी तरह अलग निकला। तलाशी के दौरान युवक के पास से कोई अवैध हथियार नहीं मिला, बल्कि पिस्टल के आकार का एक लाइटर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल शुरू कर दी। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पुलिस को पिस्टल दिखाने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर युवक को थाने लाया गया। पूछताछ और जांच में वह वस्तु गन लाइटर निकली। मामले में किसी भी पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है।

## हाई कोर्ट ने नैमिषारण्य के राम-लक्ष्मण-जानकी मंदिर को माना निजी ट्रस्ट

### कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए ट्रस्ट को निजी (प्राइवेट) ट्रस्ट माना है। कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने मूलचंद्र व अन्य की ओर से दाखिल दोनों प्रथम अपीलों को खारिज करते हुए निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखा।

मामला मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधन और सरवराहकार (प्रबंधक) की नियुक्ति को लेकर था। अपीलकर्ताओं ने दावा किया था कि यह एक सार्वजनिक धार्मिक ट्रस्ट है, इसलिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 92 के तहत ट्रस्ट के प्रबंधन में



- आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता

हस्तक्षेप और नए प्रबंधक की नियुक्ति की मांग की जा सकती है।

वहीं ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि मंदिर और ट्रस्ट की स्थापना गुलजारी लाल ने अपने आवासीय परिसर में की थी तथा इसकी व्यवस्था उनके द्वारा बनाई गई निजी योजना के अनुसार संचालित होती रही है।

मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता। पीठ ने पाया कि ट्रस्ट का नियंत्रण और प्रबंधन संस्थापक तथा उनके उत्तराधिकारियों के पास रहा तथा ट्रस्ट की संपत्तियां भी मंदिर के रखरखाव के लिए समर्पित थीं। ऐसे में यह एक निजी ट्रस्ट है।

पीठ ने स्पष्ट किया कि सीपीसी की धारा 92 केवल सार्वजनिक धार्मिक या धर्मार्थ ट्रस्टों पर लागू होती है। चूंकि संबंधित ट्रस्ट निजी प्रकृति का है, इसलिए धारा 92 के तहत दायर वाद पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने सरवराहकार के पद को लेकर भी अपीलकर्ताओं की दलीलें खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में विभिन्न मुकदमों में शिवगोपाल को ट्रस्ट का वैध सरवराहकार माना जा चुका है और वे निर्णय अंतिम रूप ले चुके हैं। उनके बाद श्री नारायण के सरवराहकार बनने पर भी ट्रस्ट समिति के किसी सदस्य ने आपत्ति नहीं की।

पीठ ने यह भी माना कि सरवराहकार के पद से जुड़ा विवाद पहले ही न्यायिक रूप से तय हो चुका है, इसलिए उसी मुद्दे को दोबारा उठाने पर रेस जुडीकाटा (पूर्व निर्णय के कारण पुनर्विचार पर रोक) का सिद्धांत लागू होगा।

इन निष्कर्षों के आधार पर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में दिए गए फैसले को सही ठहराते हुए मूलचंद्र व अन्य की अपीलें निरस्त कर दीं तथा श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट के पक्ष में पारित डिक्री को बरकरार रखा।

## गंभीर धाराएं जुड़ने से पहले आरोपी को नयी जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी मुकदमे में गंभीर और गैर-जमानती धाराएं जोड़ने की केवल प्रस्तावित कार्यवाही के आधार पर आरोपितों को आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का आदेश नहीं दिया जा सकता। जब तक नई धाराएं विधिवत आरोप के रूप में जोड़ी या परिवर्तित नहीं कर दी जातीं, तब तक आरोपी को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की पीठ ने गोंडा के एक पॉक्सो मामले में दाखिल धारा 482 की याचिका पर पारित किया।

मामले में वर्ष 2020 में दर्ज एफआईआर में शुरू में केवल छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। बाद में पीड़िता के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर सरकारी पक्ष ने आईपीसी की धारा 376-डीए और पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(जी)/6 के तहत आरोप जोड़ने की मांग की। ट्रायल कोर्ट ने आरोपों में संशोधन की कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपितों को अदालत में



उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया था। याचियों की ओर से दलील दी गई कि अभी केवल आरोपों में परिवर्तन का प्रस्ताव है, नई धाराएं अंतिम रूप से जोड़ी नहीं गई हैं। ऐसे में आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का निर्देश कानून के अनुरूप नहीं है।

अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत आरोपों में परिवर्तन करने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को है, लेकिन वर्तमान मामले में आरोप परिवर्तन की प्रक्रिया अभी लंबित है। अदालत ने आरोपितों को सुनवाई का अवसर दिया है और अभी यह तय नहीं हुआ है कि नई गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी या नहीं। इसलिए इस स्तर पर आरोपितों को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के जिन फैसलों का हवाला दिया गया है, उनमें यह सिद्धांत स्थापित है कि जब गंभीर नई धाराएं वास्तव में जोड़ दी जाती हैं, तब आरोपी को नई जमानत के लिए आवेदन करना पड़ सकता है। लेकिन प्रस्तावित आरोपों के चरण में यह व्यवस्था लागू नहीं होती।

### इसी आधार पर

- हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के 23 फरवरी 2026 के आदेश को उस सीमा तक निरस्त कर दिया, जिसमें आरोपितों को उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया गया था। हालांकि आरोपों में संशोधन से संबंधित शेष कार्यवाही को यथावत रखते हुए ट्रायल कोर्ट को कानून के अनुसार आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है।

## 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लें

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की जनता लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से परेशान है। डीजल, पेट्रोल के दाम सौ रुपये पार और गैस सिलेण्डर हजार रुपए पार हो गया है। वहीं, सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं पर जून 2026 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का बोझ डाले जाने से उसकी रही सही कमर तोड़ने का कार्य किया गया है।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जहां सरकार 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दावा करती है। वहीं, पूरे माह लगातार बिजली गुल रहने, 24 घंटे से लेकर सप्ताह तक आपूर्ति बाधित रहने, लाखों उपभोक्ताओं के प्रभावित होने, ट्रांसफॉर्मरों के फूंकने, फीडरों के फेल होने,



उपकेंद्रों के घेराव, सड़क जाम, कर्मचारियों के बंधक बनाये जाने की घटनाएं हो रही हैं जिससे सरकार का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। यदि राजधानी की यह स्थिति है तो प्रदेश के अन्य जिलों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की भूमिका भी गंभीर समीक्षा की अपेक्षा करती है। आयोग का उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायतों, स्मार्ट मीटर विवादों तथा वितरण कंपनियों की मनमानी के बावजूद जनता को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। यदि आयोग के आदेशों और निर्देशों का प्रभावी अनुपालन नहीं हो रहा, तो यह भी एक गंभीर संस्थागत प्रश्न है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश की जनता के लिए सबसे बड़ा आश्चर्य और पीड़ा का विषय यह है कि एक ओर पूरे प्रदेश में बिजली संकट, ब्रेकडाउन, अघोषित कटौती, ट्रांसफॉर्मरों की विफलता, स्मार्ट मीटर विवाद तथा वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था से लोग जूझ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा फ्यूल सरचार्ज में 10 प्रतिशत वृद्धि किये जाने की सूचना भी सामने आ गई है। इसके परिणामस्वरूप जून माह से उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा, जो कमरतोड़ मंहगाई से पहले से ही जूझ रही आम जनता और किसानों को बहुत भारी पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की है सरकार केवल घोषणाओं और दावों तक सीमित न होकर विद्युत व्यवस्था में वास्तविक सुधार, जवाबदेही और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं और व्यापक जनहित और आम जनता एवं किसानों की दयनीय आर्थिक हालत को देखते हुए बढ़े हुए विद्युत मूल्य के निर्णय को तत्काल वापस लेकर आम जनता और किसानों को राहत दिलाने का काम करे।

## हज यात्रियों की वापसी कल से

**लखनऊ।** हज-2026 की लखनऊ उड़ान स्थल से वापसी उड़ानें दिनांक 01.06.2026 को रात्रि 10.15 बजे से आना प्रारम्भ होंगी, जो दिनांक 17.06.2026 तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों को रिसीव करने चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके परिजन व सगे-सम्बन्धियों से अनुरोध है कि वर्तमान में हवाई अड्डे पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते हज यात्रियों को रिसीव करने कम से कम लोग हवाई अड्डे पहॅचें। पार्किंग स्थल की जगह भी कम होने के कारण अनुरोध है कि वाहनों की पार्किंग के लिए उड़ान पहुंचने के समय से आधा घण्टा पूर्व ही पहंचें ताकि निर्माण कार्य के चलते एयरपोर्ट पर कम जगह होने के कारण वाहनों की पार्किंग में समस्या न हो व जाम की स्थिति न बने। यदि हज यात्रियों के सगे-सम्बन्धियों को वाहन थोड़ी देर तक पार्क करना हो तो अपना वाहन हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ में पार्क कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि वापसी के समय हज हाउस में रुकने का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता है।

## साइकिल से अदालत पहुंचे न्यायिक अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद लखनऊ के न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल से न्यायालय पहुंचकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश लखनऊ मलखान सिंह के नेतृत्व में सभी न्यायिक अधिकारी प्रातः डालीबाग स्थित सेशंस हाउस से साइकिल द्वारा न्यायालय के लिए रवाना हुए।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय आएंगे तथा जो अधिकारी साइकिल नहीं चला सकते, वे बैटरी रिक्शा का उपयोग करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य न केवल ईंधन की बचत करना है, बल्कि



आमजन को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित करना भी है।

यह अभियान मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय अरूण भंसाली के मार्गदर्शन एवं शुभाशीष से प्रारम्भ किया गया है। अभियान का शुभारम्भ 22 मई 2026 को प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक शनिवार को सभी न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय पहुंचेंगे।

इसी क्रम में अभियान के दूसरे चरण में शनिवार को एक बार फिर न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल यात्रा कर ईंधन संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

## संक्षेप

### अज्ञात बाइक सवार ने स्कूटी सवार एएनएम को मारी टक्कर, हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे से वापस अपने घर जा रही स्कूटी सवार एएनएम के बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी ।हादसे में एएनएम गंभीर रूप से घायल हो गई ।परिजनों ने सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने नाजुक हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी श्रीपाल की 25 वर्षीय पुत्री गीता सफीपुर सीएचसी में एएनएम के पद पर कार्यरत है ।शनिवार की सुबह स्कूटी से वह किसी काम से सफीपुर कस्बा गई थी,जहां से वह वापस गांव लौट रही थी ।अभी वह गांव के समीप पहुंची ही थी तभी पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में एएनएम गंभीर रूप से घायल हो गई ।परिजनों ने आनन फानन सीएचसी ले गए जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ट्रेन की टक्कर से वृद्ध घायल, हालत गंभीर

उन्नाव। अजगैन स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार कर रहा वृद्ध ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के डहरौली गांव निवासी झब्बू लाल 60 पुत्र दीन दयाल शनिवार को अजगैन गांव दवा लेने गया था। दोपहर में वापसी में अजगैन रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करने के दौरान कानपुर लखनऊ लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में घायल को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की बहन माधुरी ने बताया कि झब्बू अजगैन दवा लेने आया था। वापसी में हादसा हो गया।

### अचानक तेज आवाज में रात को बजने लगे फोन

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अधिकतर इलाकों में बृहस्पतिवार व शुक्रवार को बजे में स्मार्टफोन अचानक तेज आवाज के साथ बजने लगा. साथ ही मोबाइल स्क्रीन पर एक मैसेज फ्लैश होने लगा. मैसेज में सरकारी विभाग द्वारा लोगों को उनके जनपद में बदलते मौसम को लेकर जरूरी जानकारी शेयर की मोबाइल बेस्ड आपदा संचार प्रणालियों को मजबूत बनाया गया है. सरकार इस मैसेज की मदद से भारतीय नागरिकों को तुरंत जानकारी देना चाहती है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोगों को जानकारी न होने के कारण जैसे ही फोन बजाना प्रारंभ किया लोग कुछ लोगों ने बताया कि मैं तो फोन स्विच ऑफ कर लिया वहीं कुछ लोग डर भी हो गए लेकिन उसके थोड़ी देर बाद फोन पर मैसेज आया कि क्षेत्र में गरज चमक के साथ बरसात ओले गिरने तेज रफ्तार आंधी आने की संभावना है।

# निर्माण कार्य में बाधा बन रहे मकानों पर शुरू कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सहजनी क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण परियोजना के तहत शनिवार को प्रशासन ने निर्माण कार्य में बाधा बन रहे मकानों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान कई मकानों को तोड़ने का काम शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। संभावित विवाद को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही।

कार्रवाई के दौरान प्रभावित परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें मकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। साथ ही, मुआवजे की राशि भी उनके खातों में अब तक नहीं पहुंची है। लोगों का कहना है कि बिना भुगतान किए मकान तोड़ना उनके साथ अन्याय है ।मौके पर मौजूद एक महिला ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी बुधवार को आए थे और तीन दिन के भीतर मकान खाली करने का निर्देश देकर चले गए थे। महिला के अनुसार, अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि मकान खाली करने के बाद मुआवजे की धनराशि उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगी, लेकिन अभी तक कोई भुगतान नहीं हुआ है ।महिला ने अधिकारियों से पहले भुगतान करने और उसके बाद मकान खाली करने की बात कही थी। उनका तर्क था कि तीन दिन में कोई नया घर ढूंढना मुश्किल है और बिना पैसे के परिवार को लेकर कहीं और रहने की व्यवस्था करना संभव नहीं है।

प्रभावित लोगों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से यहां रह रहे हैं और अचानक मिली नोटिस के कारण उनके सामने आवास का संकट खड़ा हो गया है। एक अन्य महिला ने भी बताया कि उनके खाते में भी अभी तक कोई मुआवजा नहीं आया है ।स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अब तक भुगतान नहीं मिला है ।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पहले सभी पात्र लोगों के खातों में मुआवजा राशि भेजी जाए। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय देने की भी अपील की, क्योंकि परिवारों में छोटे बच्चे और बुजुर्ग हैं, जिनके लिए खुले आसमान के नीचे रहना संभव नहीं है।

# दहेज हत्या के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे पति को कोतवाली पुलिस ने घटना के 15 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था तथा दिल्ली और जयपुर में रहकर अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल कर रहा था। शनिवार को वह बांगरमऊ से कानपुर भागने की फिराक में था ।तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे धर दबोचा ।कोतवाली पुलिस के मुताबिक उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव को सूचना मिली कि दहेज हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपी शीबू पुत्र इस्लामुद्दीन, निवासी मोहल्ला हटिया, कल्याणी नदी पुल के निकट वाहन की तलाश में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि कानपुर नगर के थाना चकेरी अंतर्गत निहुरा श्याम नगर निवासी रफीक की पुत्री कायनात का विवाह नगर के मोहल्ला हटिया निवासी शीबू पुत्र इस्लामुद्दीन के साथ हुआ था। बीती 15 मई को कायनात का शव उसके ससुराल स्थित घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना की सूचना मृतका के देवर मोनू ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जीवित अवस्था में फांसी लगने से दम घुटने के कारण मृत्यु होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद मृतका के भाई कैफ ने कोतवाली में पति शीबू, देवर मोनू व नदीम तथा ननद रुही के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस अब मामले के अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर दंपति घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सफीपुर-मियागंज मार्ग पर एक सड़क हादसे में नवविवाहित दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक को एक पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

औरास थाना क्षेत्र के बिल्हौर निवासी अरुण (27) पुत्र घंटीलाल अपनी पत्नी कोमल (22) के साथ बाइक से आसीवन थाना क्षेत्र के सिर्स कन्हर गांव में अपनी रिश्तेदारी जा रहे थे। मियागंज-सफीपुर मार्ग पर स्थित सिर्स चेरी गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस चालक सुनील कुमार और ईएमटी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे।

घायलों को एंबुलेंस से मियागंज सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर दिनेश कुमार ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बीच, ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन को पकड़ लिया है।

# भाई से मिलने जा रही महिला की ट्रेन की चपेट से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतका की पहचान 30 वर्षीय तहसीन के रूप में हुई है, जो नियाज अहमद की पत्नी थीं और उन्नाव के मोहल्ला तालिब सराय, थाना कोतवाली सदर की निवासी थीं। जानकारी के अनुसार, तहसीन शनिवार को अपने भाई से मिलने लखनऊ जा रही थीं। इसी दौरान उन्नाव रेलवे स्टेशन पर वह एक ट्रेन की चपेट में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि महिला को संभलने का मौका नहीं मिला। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत रेलवे अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं।

उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया शुरू की। बाद में परिजनों के पहुंचने पर मृतका की पहचान तहसीन के तौर पर हुई। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में शोक छा गया। परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

तहसीन अपने पीछे पति नियाज अहमद और दो छोटे बेटों को छोड़ गई हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह अपने भाई से मिलने लखनऊ जा रही थीं। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना का प्रतीत होता है। घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# अज्ञात युवक के शव की परिजनो ने की शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। तीन महीने से लापता एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। हादसे के तीन दिन बाद शनिवार को परिजनों ने शव की शिनाख्त की। युवक की पहचान प्रिंस कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रिंस कुमार (22) पुत्र ललन न्यू जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल के निवासी थे। परिजनों ने बताया कि प्रिंस मानसिक रूप से परेशान रहते थे और करीब तीन महीने पहले घर से चले गए थे। परिवार लगातार उनकी तलाश कर रहा था। बीते बुधवार को रेलवे ट्रैक के पास एक युवक के ट्रेन से गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा, लेकिन उसकी मौत हो गई। युवक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था ।जांच के दौरान पुलिस को युवक के संबंध में कुछ जानकारी मिली, जिसके आधार पर परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य उन्नाव पहुंचे और शनिवार को मोर्चरी में रखे शव की पहचान प्रिंस कुमार के रूप में की ।परिजनों ने बताया कि प्रिंस घर के इकलौते बेटे थे और उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी, जिसके कारण वह कई बार घर से बाहर चले जाते थे। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।

# आंधी से सैकड़ों गांवों की विद्युत आपूर्ति हुई ठप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्रवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ले ली। रात करीब 12 बजे तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया, जिसके बाद जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन तेज हवाओं के कारण जिले के करीब 300 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पूरी रात अंधेरे और गर्मी के बीच परेशानी झेलनी पड़ी। दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। शाम तक मौसम सामान्य था, लेकिन देर रात अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही मिनटों में आंधी ने विकराल रूप धारण कर लिया। कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। वहीं, होर्डिंग और टीनशेड भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया ।मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई गिरावट से लोगों ने राहत महसूस की। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन बारिश और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। आंधी के दौरान हवाओं की रफ्तार 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तेज हवाओं के कारण कई फीडरों पर फॉल्ट आ गया, जिससे जिले के करीब 300 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। लोगों को गर्मी के साथ-साथ पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की टीमें रातभर आपूर्ति बहाल करने में जुटी रहीं ।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और खरीफ फसलों की तैयारी को गति मिलेगी। सब्जी उत्पादक किसानों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही पशुओं को भी भीषण गर्मी से राहत मिलेगी ।आंधी के दौरान हवाओं की गति 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई। तेज झोंकों के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के तार टूट गए। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर देखने को मिला तेज हवाओं के कारण जिले के करीब 300 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई स्थानों पर बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली विभाग ने रात में ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया, लेकिन कई गांवों में शनिवार सुबह तक आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी ।पिछले कई दिनों से जिले में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। उमस और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान थे। शुक्रवार रात हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने इसे गर्मी से बड़ी राहत बताया ।कृषि जानकारों का कहना है कि समय पर हुई बारिश किसानों के लिए लाभदायक है। इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और खरीफ सीजन की फसलों की बुआई की तैयारी को गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे खेती के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है।

# ट्रक लूटकांड का खुलासाः बिहार-यूपी गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार, 77 फ्रिज व 40 एसी बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में ट्रक चालक को घायल कर फ्रिज व एसी से भरा कंटेनर लूटने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसओजी, सर्विलांस और अजगैन पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए 77 फ्रिज, 40 स्प्लिट एसी, कंटेनर तथा एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर ट्रकों को निशाना बनाकर माल की हेराफेरी और बिक्री करता था।

पुलिस के मुताबिक 25 मई की रात सोहरामऊ के अशाखेड़ा स्थित एक गोदाम से फ्रिज लाद कर चले कंटेनर चालक को अजगैन के चमरोली के पास घायल कर बदमाश वाहन लेकर फरार हो गए थे। मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा रिकॉर्ड और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। जांच में सामने आया कि बदमाशों ने कंटेनर का नंबर बदलकर टोल प्लाजा पार किया था ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

पुलिस ने बताया कि लूटे गए माल को कुशीनगर जिले में अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखा गया था। छापेमारी के दौरान 47 फ्रिज और 40 स्प्लिट एसी एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से तथा 32 फ्रिज एक पेट्रोल पंप परिसर से बरामद किए गए। बरामद सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के निवासी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने लूट के बाद माल को कम कीमत पर बेचने की योजना स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक सदस्य मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया।

एसपी उन्नाव ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए गठित टीम को पहले 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है।

हालांकि पुलिस अब भी यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने इससे पहले अन्य जिलों या राज्यों में ऐसी कितनी घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी गहन जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला की मौत ननद घायल



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। छोटी ननद व पति के साथ बाइक से धार्मिक स्थल जा रही नवविवाहिता तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर लगने से हमेशा की नींद सो गई। घटना में घायल ननद को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव गौरिया कला निवासी सूरज 25 वर्ष पुत्र राजू अपनी पत्नी लक्ष्मी 22 वर्ष तथा बहन शुभांगी 16 को बाइक पर बिठाकर शनिवार को दोपहर बाद करीब 2 बजे थानाक्षेत्र में ही स्थित बरगदिया बाबा नामक धार्मिक स्थल जा रहा था तभी रास्ते में गांव नौशहरा के निकट आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर ने 22 वर्षीय लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया तथा शुभांगी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई तथा हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है घटना के बाद ट्रैक्टर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

**मृतका लक्ष्मी की इसी वर्ष बीते 20 फरवरी को ही सादी हुई थी धार्मिक आस्था के चलते वह पति व ननद को लेकर धार्मिक स्थल जा रही थी तभी हादसे में जान चली गई।**

**कहा जा रहा है दुर्घटना के दौरान ट्रेक्टर की टक्कर लगने से भाभी व ननद ट्रेक्टर की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गई जबकि बाइक चालक विपरीत दिशा में गिरा जिससे उसे मामूली चोट आई।**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## कई वाहन शव को कुचलते रहे, शिनाख्त की कोशिश

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर ,बीती रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद युवक का शव सड़क पर गिर गया, जिसके ऊपर से कई वाहन गुजर गए। इससे शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसकी पहचान नहीं हो सकी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह घटना रोजा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रात करीब 11 बजे के बाद हुई। अंधेरा होने के कारण सड़क पर पड़े शव को वाहन चालक देख नहीं पाए। नतीजतन, कई वाहन शव को कुचलते हुए निकल गए, जिससे युवक का शरीर और चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सूचना मिलते ही रोजा थाना प्रभारी उमेश मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दोनों ओर से वाहनों को रुकवाकर सड़क पर बिखरे शव के टुकड़ों को एकत्र कराया। पुलिस ने युवक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसके कपड़ों और जेबों की तलाशी में पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के सभी थानों को सूचित कर दिया गया है। युवक के जूतों के आधार पर उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी गई है। थाना प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया कि युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है और पहचान कराने के प्रयास जारी हैं।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल छात्र से मारपीट

## वार्ड ब्वॉय पर लगे आरोप, छात्रों ने नारेबाजी कर की कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड ब्वॉय और पैरामेडिकल छात्र के बीच विवाद हो गया। छात्र ने वार्ड ब्वॉय पर मारपीट का आरोप लगाया है। घटना के बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद कॉलेज प्रशासन ने जांच के लिए एक कमेटी गठित की है। यह घटना बीती रात की है, जिसमें वार्ड ब्वॉय पुष्पेंद्र और पैरामेडिकल छात्र असित यादव शामिल थे। बताया गया कि वार्ड ब्वॉय पुष्पेंद्र अपने पैर के घुटने में लगी चोट का इलाज कराने ट्रामा सेंटर के माइनर ओटी में आया था, जहां असित यादव की ड्यूटी थी। ड्रेसिंग के दौरान वार्ड ब्वॉय ने सीनियर को बुलाने को कहा, जिससे विवाद शुरू हो गया। पैरामेडिकल छात्र असित यादव का आरोप है कि वार्ड ब्वॉय ने उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद असित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया, और रात में प्राचार्य के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। तीन सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन हालांकि, शनिवार सुबह पैरामेडिकल छात्र फिर से मेडिकल कॉलेज के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा कि वे यहां पढ़ाई करने आए हैं, मारपीट सहने नहीं। छात्रों ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। चौक कोतवाली निरीक्षक प्रदीप राय ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन यदि कोई नई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने पुष्टि की कि विवाद हुआ था और इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# घुसपैठियों से सुरक्षा का बड़ा खतरा, संसाधनों पर दबाव

देश की बदलती डेमोग्राफी अब राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय बनती जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल, असम और अन्य सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती मौजूदगी ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं, उसने यह साबित किया है कि यह समस्या वर्षों से लगातार बढ़ती रही है। पूर्व की सरकारों ने इन्हें आश्रय दिए हैं। अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या संतुलन यानी डेमोग्राफी को प्रभावित नहीं करती, बल्कि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर भी दबाव बढ़ाती है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई घुसपैठिये विभिन्न राज्यों में काम कर रहे हैं। उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर तक इनके नेटवर्क फैलने की खबरें सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। कई मामलों में नशा, हथियार तस्करी और सेना व अर्धसैनिक बलों की जासूसी जैसी गतिविधियों में भी इनके शामिल होने की आशंका जताई गई है। अब यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संसाधनों और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा देश में "असामान्य जनसंख्या बदलाव" की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन इसी चिंता का संकेत है कि समस्या अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। सीमावर्ती राज्यों में वर्षों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठता रहा है। राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति ने इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया। ये लोग केवल मजदूरी या छोटे-मोटे रोजगार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऑनलाइन ट्रांसपोर्ट, गिग वर्क, किराए के मकानों और पहचान आधारित सुविधाओं तक पहुंच बना चुके हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने पहचान और सत्यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। दुनिया इस समय युद्ध, साइबर हमलों और खुफिया गतिविधियों के दौर से गुजर रही है। सूचना आज सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। ऐसे में यदि सीमाओं के रास्ते बिना सत्यापन के लोग देश में प्रवेश करें और वर्षों तक फर्जी पहचान के साथ रह सकें, तो यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक स्थिति है। कई मामलों में विदेशी जासूसी नेटवर्क, तस्करी और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने इस खतरे को और स्पष्ट किया है। इसके साथ ही देश के संसाधनों पर बढ़ता दबाव भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत पहले से ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के दबाव से जूझ रहा है। सरकारें जिन योजनाओं और सुविधाओं को देश के नागरिकों के लिए तैयार करती हैं, उन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बोझ बढ़ने से स्थानीय आबादी प्रभावित होती है। गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के हिस्से की सुविधाएं कम पड़ने लगती हैं। यह स्थिति सामाजिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है, जो आगे चलकर सांप्रदायिक और क्षेत्रीय तनाव का कारण बन सकती है। ऐसे समय में अवैध रूप से रह रहे विदेशी तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार डेमोग्राफी के बदलते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए घुसपैठियों की पहचान करे, सीमा सुरक्षा मजबूत बनाए और उन्हें वापस भेजने की प्रभावी कार्रवाई करे।



संक्रमण
महेन्द्र तिवारी

भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए।

# इबोला के खतरे के बीच भारत सतर्क

अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला विषाणु के नए और बेहद खतरनाक प्रकोप ने पूरी दुनिया को एक बार फिर से चिंता और सतर्कता की स्थिति में ला खड़ा किया है। युगांडा और कांगो जैसे देशों में तेजी से फैल रहे इस घातक संक्रमण को देखते हुए भारत ने भी अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और विशेषकर हवाई अड्डों पर निगरानी को अत्यधिक कड़ा कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नई और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करते हुए विमानन कंपनियों और हवाई अड्डा प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान करना और इस बीमारी को देश के भीतर फैलने से रोकना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई 2026 को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया। संगठन के अनुसार कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण ने वैश्विक चिंता को बढ़ा दिया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 246 संदिग्ध मामले और 80 मौतें दर्ज की गई थीं, लेकिन बाद में यह संख्या लगातार बढ़ती चली गई। कई रिपोर्टों में 600 से अधिक संदिग्ध मामलों और 139 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया है। कुछ ताजा रिपोर्टों में 900 से अधिक संदिग्ध मामलों और 220 संभावित मौतों की भी आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण बंडिबुग्यो प्रकार के इबोला विषाणु से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार को बेहद खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इसके लिए अब तक कोई स्वीकृत और पूरी तरह प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है कि इस प्रकार के संक्रमण के लिए अभी केवल सहायक उपचार ही संभव है। यही कारण है कि संक्रमित व्यक्ति की जल्दी पहचान और उसे तुरंत अलग करना सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की उष्मीय जांच की जा रही है ताकि बुखार या संक्रमण के शुरुआती संकेत तुरंत पकड़े जा सकें। यात्रियों से स्वास्थ्य घोषणा पत्र भी भरवाए जा रहे हैं जिनमें उनकी पिछली यात्राओं और स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी ली जा रही है। इबोला का सबसे खतरनाक पहलू इसका लंबा उद्भवन काल माना जाता है। संक्रमण के बाद लक्षण सामने आने में 2 से 21 दिन तक का समय लग सकता है। इस दौरान संक्रमित व्यक्ति सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन वह दूसरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इसी कारण भारत में आने वाले यात्रियों की पिछले 1 महीने की यात्रा जानकारी को बारीकी से जांचा जा रहा है। यदि कोई यात्री हाल में प्रभावित देशों में गया हो या वहां से होकर आया हो तो उस पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हवाई अड्डों पर विशेष पृथक कक्ष बनाए गए हैं ताकि किसी यात्री में लक्षण मिलने पर उसे तुरंत सामान्य लोगों से अलग किया जा सके। ऐसे यात्रियों के रक्त और अन्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को भी तैयार रहने के




निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों और नर्सों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए मरीजों का इलाज कर सकें। सुरक्षात्मक कपड़े, दस्ताने और उच्च गुणवत्ता वाले मास्क के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं। यदि उड़ान के दौरान कोई यात्री अचानक तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाता है तो चालक दल को तुरंत वायु यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देनी होगी। कुछ मामलों में संदिग्ध यात्रियों को विमान में अलग सीटों पर बैठाने और उनके संपर्क में आए यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इबोला दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खून, पसीने, उल्टी, लार या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क से फैलती है। इसके शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे लग सकते हैं। मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, गले में दर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द होता है। बाद में उल्टी, दस्त और गंभीर स्थिति में आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यही कारण है कि शुरुआती पहचान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। युगांडा और कांगो में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्वास्थ्यकर्मी भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय अविश्वास के कारण संक्रमण को नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। कुछ इलाकों में उपचार केंद्रों पर हमले तक किए गए हैं, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और व्यापार के कारण कोई भी संक्रमण कुछ घंटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और यूरोप के कई देशों ने भी यात्रियों की अतिरिक्त जांच और निगरानी शुरू कर दी है। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा को लेकर चेतावनी भी जारी की है। भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। बीमारी को छिपाना या इलाज में देरी करना समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

लोगों को हाथों की सफाई, संक्रमित व्यक्ति से दूरी और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करना चाहिए। इबोला के बढ़ते मामलों ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को हर समय तैयार रहना चाहिए। महामारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं होती बल्कि वह सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती भी बन जाती है। यदि समय रहते तैयारी न की जाए तो छोटी सी लापरवाही भी बड़े संकट में बदल सकती है। फिलहाल भारत की कोशिश यही है कि यह बीमारी देश की सीमाओं तक पहुंचे ही नहीं और यदि कोई मामला सामने आए भी तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जा सके ताकि देश की जनता सुरक्षित रह सके।

## रिलेशनशिप रखने इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
**दर्शन**

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

मंथन
अम्बरीष प्रजापति



# डिजिटल प्रतिरोध या एल्गोरिदम का खेल

लोकतंत्र की आत्मा संवाद में बसती है। संवाद और प्रतिरोध लोकतांत्रिक परंपराएं रही हैं। जब संवाद की भाषा में मर्यादा की सीमाएं टूटने लगती हैं, तो समाज विरोध के नए रास्ते तलाश लेता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए बेरोजगार युवाओं और सोशल मीडिया, आरटीआई एक्टिविस्ट की तुलना कॉकरोच और समाज के परजीवियों से कर दी। जब इस टिप्पणी का विरोध हुआ तो 16 मई को जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मेरी टिप्पणी को कांट-छांट कर एवं गलत अर्थों में पेश किया गया। मैंने फर्जी डिग्री वाले कुछ युवाओं के लिए कहा था, लेकिन तब तक यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। उनकी इस टिप्पणी ने देश के युवाओं की दुखती रग पर हाथ रख दिया था। युवा पहले से ही बेरोजगारी, पेपर लीक और व्यवस्था की उदासीनता से जूझ रहे थे। इसके जवाब में देश के युवाओं ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने या पारंपरिक तरीके से नारेबाजी करने के बजाय इंटरनेट के युग में डिजिटल प्रतीकात्मक आंदोलन करना चुना – व्यंग्य, हास्य और मीम। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्चुअल 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जन्म हुआ। इसने चंद ही दिनों में देश की सबसे बड़ी और स्थापित राजनीतिक पार्टियों के फॉलोअर्स की संख्या को पीछे छोड़कर सोशल मीडिया पर एक नया इतिहास रच दिया। इससे बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक हैरत में पड़ गए। यह महज एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं, बल्कि इसे देश के युवाओं का व्यवस्था के प्रति एक गहरा प्रतीकात्मक विरोध बताया गया।

सवाल यह है कि इस डिजिटल राजनीतिक मोर्चे की नींव किसने रखी और इसके पीछे की वास्तविक मंशा क्या थी? क्या यह कॉकरोच जनता पार्टी का डिजिटल अभियान वास्तव में युवाओं के मुद्दों के लिए चलाया गया या कोई नैरेटिव/ एजेंडा तो नहीं? इसे समझना आवश्यक है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके हैं, जो पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर्स कर रहे हैं। दिपके कोई नौसिखिए इंटरनेट यूजर नहीं हैं बल्कि राजनीतिक संचार और सोशल मीडिया नैरेटिव बिल्डिंग के रणनीतिकार हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम में काम किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के नेताओं ने दावा किया कि इन फॉलोअर्स में एक बहुत बड़ा हिस्सा 'बॉट्स' (फर्जी कंप्यूटर अकाउंट्स) का है, जिनका संचालन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से किया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक चेतावनी की तरह है। यह इस बात का संकेत है कि भविष्य के चुनाव केवल जमीनी स्तर पर नहीं, बल्कि डिजिटलमैनिपुलेशन और एल्गोरिदमके जरिए भी लड़े जा सकते हैं। इस सटायरिकल डिजिटल मूवमेंट को मीडिया थ्योरीज से समझते हैं। रूसी दार्शनिक मिखाइलबख्तिन ने सदियों पहले कार्निवलेस्क का सिद्धांत दिया था जिसके अनुसार लोक संस्कृति में आम जनता हास्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रखती थी और प्रतिरोध करती थी। सीजेपी का इसी कार्निवलेस्क सिद्धांत के तहत प्रतिरोध है। यह प्रतीकात्मक आंदोलन डिजिटल संचार की उन आधुनिक कूटनीतियों पर टिका है जो पारंपरिक मीडिया के पूरे ढांचे को चुनौती देती है। मैकोम्ब्स और शॉ का 'एजेंडा-सेटिंग' सिद्धांत कभी यह दावा करता था कि एजेंडे मुख्यधारा का मीडिया तय करता है। कॉकरोच जनता पार्टी का यह डिजिटल मूवमेंट नेटवर्क एजेंडा सेटिंग के जरिए काम कर रहा है। जहां इंटरनेट पर पैरोडी घोषणा पत्रों, व्यंग्यात्मक मीम्स और हैशटैग्स को वायरल किया जाता है। जो सोशल मीडिया के एल्गोरिदम को प्रभावित करते है। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि जनता को यह समझना होगा कि हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती

# भावी पीढ़ी को तम्बाकू की लत से बचाना सबसे बड़ी चुनौती

### आकर्षण का पदार्फाश करना- निकोटिन व तम्बाकू की लत का मुकाबला करना थीम पर मनाया जाएगा दिवस

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (31 मई) पर विशेष



लेखक - मुकेश शर्मा

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

तम्बाकू का किसी भी रूप में सेवन जान को जोखिम में डालने के समान है। इसके सेवन से कैंसर, हृदय रोग और सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर बीमारियाँ जहाँ लोगों को आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर बनाती हैं वहीं इसका असर पूरे परिवार पर साफ तौर पर देखा जा सकता है। इसके सेवन से हर साल लाखों लोग असमय जान तक गँवा देते हैं। तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक बनाने, इसकी लत से छुटकारा दिलाने और इससे होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के लिए ही हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल इस खास दिवस की थीम है-ह्लआकर्षण का पदार्फाश करना- निकोटिन और तम्बाकू की लत का मुकाबला करनाह्व। इसका उद्देश्य लोगों को तम्बाकू मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उनको नशे की लत से छुटकारा दिलाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। आज के दिन यह सच्चे मन से ठान लेना है कि तम्बाकू के नशे की काली कोठरी से निकलकर जीवन में खुशहाली लाने का मजबूत कदम उठाएंगे। मानते हैं कि यह एक दिन में नहीं होगा लेकिन एक दिन अवश्य होगा।

तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन शरीर को पूरी तरह खोखला बना देता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है और बीमारियां आसानी से घेर लेती हैं। आज के किशोर-किशोरियां महज दिखावे के चक्कर में इसके जाल में फंस जाते हैं। देश के इन कर्णधारों को इस लत से छुटकारा दिलाना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। तम्बाकू उत्पादों को आकर्षक तरीके से युवाओं के सामने पेश करने के लिए निमार्ता भी कमर कसकर हर वक्त तैयार रहते हैं। ज्ञात हो कि तंबाकू और निकोटीन उद्योग द्वारा बहुत ही चालाकी से युवाओं को लुभाने के लिए ई-सिगरेट, वेप्स और अन्य भ्रामक उत्पादों का सहारा लिया जा रहा है, जिसको बेनकाब किया जाना जरूरी है। तम्बाकू उद्योग की इन व्यापारिक रणनीतियों को युवाओं के सामने रखकर उनको यह बताने की जरूरत है कि अपने व्यवसाय को फलता-फूलता देखने के लिए उनके द्वारा किस तरह से भावी पीढ़ी को जाल में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं कि किशोर-किशोरियों और युवाओं को तम्बाकू मुक्त जीवन शैली प्रदान की जा सके। इसकी गंभीरता पर विचार करते हुए ही सार्वजनिक स्थलों और स्कूलों के आस-पास बीड़ी-सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाने के लिए केंद्र सरकार वर्ष 2003 में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) ले आई, जिस पर सख्ती से अमल की जरूरत है। इस अधिनियम के सही तरीके से पालन के अभाव में ही अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

बीड़ी-सिगरेट पीने या अन्य किसी भी रूप में तम्बाकू का सेवन करने वालों को कई तरह के कैंसर के चपेट में आने की पूरी सम्भावना रहती है। इसके अलावा टीबी समेत कई अन्य गंभीर बीमारियों की भी चपेट में तम्बाकू का सेवन करने वाले आ सकते हैं। इसमें मुंह व गले का कैंसर प्रमुख हैं। आज के मौके पर हर किसी को यह भी जानना जरूरी है कि धूम्रपान करने वालों के फेफड़ों तक तो करीब 30 प्रतिशत ही धुँआ पहुँचता है बाकी बाहर निकलने वाला करीब 70 प्रतिशत धुँआ उन लोगों को प्रभावित करता है जो कि धूम्रपान करने वालों के आस-पास रहते हैं। यह धुँआ (सेकंड स्मोकिंग) सेहत के लिए और भी खतरनाक होता है। आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अपनी भावी पीढ़ी को बीड़ी-सिगरेट व तम्बाकू छोड़ने के फायदे भी बताने की सख्त जरूरत है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि धूम्रपान बंद करने के 12 मिनट के भीतर उच्च हृदय गति और रक्तचाप में कमी आ सकती है। 12 घंटे बाद रक्त में मौजूद कार्बन मोनो आक्साइड सामान्य स्तर पर पहुँच जाएगा। दो से 12 हफ्ते में खून का प्रवाह और फेफड़ों की क्षमता बढ़ जाती है।

इस सब से इतर अगर गहराई से देखा जाए तो तम्बाकू की खेती, उत्पादन और उससे निकलने वाला कचरा हमारे पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस ओर भी आज के दिन समुदाय, संस्थाओं, संगठनों और नीति निमार्ताओं का ध्यान आकर्षित करना है कि इससे उबरने के लिए समय रहते जरूरी कदम उठाये जाएँ ताकि भावी पीढ़ी को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में हम सभी सहायक बन सकें। इसके अलावा तम्बाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग को लेकर सभी देशों को एक समान नीतियों पर विचार करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्ष 2024 के आंकड़े बताते हैं कि केवल सात देशों ने सभी प्रकार के ई-सिगरेट पर रोक लगाया है। दूसरी ओर आठ देशों में तम्बाकू उद्योगों के प्रचार-प्रसार पर किसी तरह का कोई प्रतिबन्ध नहीं है। 19 देशों में आंशिक प्रतिबन्ध है तो 10 देश सार्वजनिक स्थानों पर ई सिगरेट के उपयोग को विनियमित नहीं करते हैं।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## ट्रेंड

### जनमानस परिवर्तन



देश जनमानस परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा रहा है। यह मुद्दा केवल जनसंख्या परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक संरचना से भी जुड़ा है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### मुफ्त राशन



अब दिल्ली सरकार की ओर से 25 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मुफ्त राशन मिलेगा। नई सीबीडीसी-आधारित प्रणाली के माध्यम से राशन का लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंचेगा।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### देश की बर्बादी



यह एक तरह का धीमा जहर है जो गरीबों को तबाह कर रहा है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके कीमतें बढ़ा रही है। अगर एक हफ्ते में कीमतें 10-12 रुपये बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब है कि मोदी जी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### आंतरिक शांति का संदेश



ऐसे समय में जब दुनिया संघर्ष, तनाव, विभाजन और अशांति का सामना कर रही है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का करुणा, सहअस्तित्व और आंतरिक शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। संवाद और मानवता में उनका विश्वास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।
- विक्रमजीत सिंह, राज्यसभा सदस्य

## संक्षेप

### लोक निर्माण विभाग की होर्डिंग से घायल हुए युवक की मौत

**तेज आंधी के बीच हुआ था हादसा, लखनऊ मेडिकल कॉलेज में 1 महीने से चल रहा था इलाज**

अमेठी ,मुसाफिरखाना में 29 अप्रैल 2026 को आई आंधी के दौरान नंदमहर के पास लोक निर्माण विभाग की एक लोहे की होर्डिंग गिर गई थी।इस हादसे में कई लोग घायल हुए थे, जिनमें बहोरखा पाठक का पुरवा निवासी शुभम मिश्रा (24) पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। बुधवार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शुभम मिश्रा की मौत हो गई।परिजनों के अनुसार, हादसे में शुभम के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था।शुरूआती दौर में अस्पताल में बेड मिलने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा गांव के लोगों और परिचितों के प्रयासों के बाद शुभम को भर्ती कराया जा सका, लेकिन उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई थी। आखिरकार, बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। शुभम की मौत से उनके परिवार में मातम छा गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए जर्जर होडिंगों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते क्षतिग्रस्त होडिंगों की मरम्मत या उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई होती तो यह हादसा टाला जा सकता था।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को सरकारी आपदा राहत सहायता प्रदान की जाए। साथ ही, क्षेत्र में लगी सभी जर्जर होडिंगों की तत्काल जांच कर उन्हें हटाया जाए।

### मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमेठी में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, तमंचा कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद**

अमेठी ,मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई।इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दूसरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना जायस थाना क्षेत्र के रामबारी मजरे सराय महेशा में हुई। आज दोपहर सिताला नाम की महिला अपनी बहन माया देवी के साथ ई-रिक्शा से मायके भीरा जा रही थीं। मोजमगंज पुल से भीरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर पैदल चलते समय काले रंग की बाइक पर सवार दो युवकों ने उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया। वारदात के दौरान सिताला सड़क पर गिर गईं और शोर मचाने लगीं, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। सिताला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों की पहचान की। एसपी सरवणन टी ने बताया कि आरोपियों की पहचान जायस के खरौली गांव निवासी बंधन सिंह और नॉन वर्मा के रूप में हुई।देर शाम नसीराबाद मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग स्थित नौगजी के पास पुलिस टीम को बदमाशों की लोकेशन मिली।

# नवागत बीडीओ दीपेंद्र पाण्डेय ने संभाला चार्ज

## अरविन्द वर्मा व अतुल सिंह ने बुके भेंटकर किया स्वागत, दी शुभकामनाएं

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच।विकास खंड नवाबगंज के नवागत बीडीओ दीपेंद्र पाण्डेय से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा एवं ग्राम पंचायत रहीमनगर प्रधान अतुल सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अरविन्द वर्मा ने कहा कि श्री पाण्डेय के नेतृत्व में विकास खंड नवाबगंज में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता एवं जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वही प्रधान अतुल सिंह ने नवागत बीडीओ का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनके अनुभव का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष अरविन्द वर्मा ग्राम पंचायत सोरहिया के वर्तमान ग्राम प्रधान फौजदार वर्मा के पुत्र हैं, जो सामाजिक, शैक्षिक एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने नवागत खंड विकास अधिकारी से भेंट कर क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास, शिक्षा, ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं तथा जनसरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। सभी ने नवागत खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय के उज्ज्वल, सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल की कामना की।

# जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की एडीएम ने की समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं सर्वे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं सर्वे कार्यों का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

एडीएम श्री कुमार ने कहा कि मकान सूचीकरण कार्य एवं संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूरे किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनगणना कार्य पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। बैठक के दौरान श्री कुमार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील से प्रतिदिन कम से कम 1000 फार्मर आईडी बनाई जाए। इसके लिए लेखपालों सहित राजस्व कर्मियों को पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य में लगाया जाए तथा लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों सहित एसडीएम, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामी गोतस्कर गिरफ्तार

**बकरीद से पहले कार्रवाई, चंदौली, जौनपुर और अमेठी में 8 मुकदमे दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी ,पुलिस ने बकरीद के त्योहार बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी और अंतरजनपदीय गोतस्कर गैंग लीडर गणेश यादव को गिरफ्तार किया है। उस पर चंदौली, जौनपुर और अमेठी सहित कई जिलों में आठ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।रामगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गणेश यादव उर्फ मनीष यादव उर्फ मिंटू यादव को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त शिवलाल यादव का पुत्र है और चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के कैथा उर्फ टडिया खुर्द का निवासी है।उसकी उम्र 25 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है और गोवध अधिनियम के अभियुक्तों का गैंग लीडर है। उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 8 अभियोग पंजीकृत हैं। अमेठी के रामगंज थाने में भी उसके विरुद्ध गोवध निवारण और आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा, उपनिरीक्षक भीमसेन सिंह, हेड कांस्टेबल बालेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार दुबे और हेड कांस्टेबल हेमन्त कुमार शामिल थे।

# सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता: विजय सिंह

**नवागत खंड विकास अधिकारी बलहा ने संभाला पदभार**

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**



बहराइच। नवागत खंड विकास अधिकारी बलहा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता होगी।विगत दिनों मुख्य विकास अधिकारी बहराइच सुनील कुमार धनवंता ने जिले के 14 विकास खंड से विकास 12 विकासखंड के खंड विकास अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया था पूर्व में बलहा ब्लाक में तैनात रही खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी का विशेश्वरगंज तबादला होने पर चितौरा विकासखंड से खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह को सीडीओ ने बलहा की जिम्मेदारी सौंपी है।इसी क्रम में पत्रकारों के सवालों के जवाब में बीडीओ बलहा विजय कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी ग्रामीण विकास योजनाओं (जैसे- मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) को सही ढंग से लागू करना और उनकी निगरानी करना।ब्लॉक के विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट का उचित उपयोग सुनिश्चित करना, बिलों का सत्यापन करना और सभी वित्तीय रिकॉर्ड पारदर्शी तरीके से मेंटेन करना। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में सहयोग देना, ग्राम प्रधानों के साथ बैठकें करना और पंचायती राज अधिनियम के नियमों का पालन सुनिश्चित करना। नवागत बीडियो ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से परिचयात्मक मुलाकात की।

# लापता छात्रा का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोचिंग से गायब हुई थी नाबालिग, 2 अन्य पर भी हुआ था केस**

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर,जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से कोचिंग के लिए निकली 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अरबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।परिजनों की शिकायत पर अरबाज समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह घटना जयसिंहपुर कोतवाली के अंतर्गत एक गांव की है।छात्रा के दादा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पोती दोपहर करीब 3 बजे अपनी साइकिल और बस्ता लेकर पीढ़ी रोड स्थित जानकी मंदिर के पास कोचिंग पढ़ने गई थी। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश शुरू की और कोचिंग सेंटर जाकर पता किया, तो मालूम हुआ कि छात्रा उस दिन कोचिंग पहुंची ही नहीं थी।इसके बाद रिश्तेदारों और आस-पास के इलाकों में तलाश के दौरान गांव के ही एक मोहल्ले से अहम सुराग मिला। ग्रामीणों के अनुसार, छात्रा को उसी समय गांव के युवक अरबाज खान पुत्र शब्बीर के साथ देखा गया था घटना के बाद से अरबाज खान का मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहा था।पीड़िता के दादा ने आरोप लगाया है कि इस घटना में अरबाज की मदद सदरपुर के निखिल यादव और मैधन के करन यादव ने की थी। आरोप है कि इन दोनों युवकों ने अरबाज को वढ 44 इठ 4113 नंबर की बाइक उपलब्ध कराई, जिससे वह छात्रा को ले गया।

# सपा विधायक के घर हमला, भतीजे को पीटा

**30-35 लोग लाठी-डंडा लेकर पहुंचे, धमकाया- तुम्हारे विधायक को काट डालेंगे**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी, पूर्व मंत्री और सपा के कद्दावर नेता गायत्री प्रजापति के घर पर रात 30-35 नकाबपोश लोगों ने लाठी-डंडे लेकर हमला कर दिया। गायत्री की पत्नी और सपा से मौजूदा विधायक महराजी प्रजापति को गालियां देने लगे। जान से मारने की धमकी दी।जब गायत्री के भतीजे सुरेंद्र प्रजापति ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी।घर पर काम करने वाले लोग बीच-बचाव करने आए तो उनसे भी मारपीट की।वीडियो बना रहे लोगों का मोबाइल छीन लिया। भतीजे का कॉलर पकड़कर बोले- अगर शिकायत की तो तुम्हारे विधायक को बांके से काट डालेंगे।करीब 1 घंटे तक हंगामा चलता रहा। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस को सूचना दी। अमेठी कोतवाली में सपा नेता समेत 11 नामजद और करीब दो दर्जन अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के आधार पर आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। गायत्री प्रजापति लंबे समय से अवैध खनन और अन्य मामलों में जेल में हैं।पुलिस की जांच में सामने आया है कि सपा के क्षेत्रीय नेता शेर बहादुर यादव ने सोशल मीडिया पर विधायक के खिलाफ पोस्ट किया था। पोस्ट का विधायक के समर्थक धीरज पाल ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए जवाब दिया। इससे शेर बहादुर के समर्थक भड़क गए। धीरज ज्यादातर विधायक के आवास पर उनके भतीजे के साथ ही रहता था। इस वजह से नकाबपोश लोगों ने विधायक के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी स्थित घर पर धावा बोला। सबसे पहले जानिए सोशल मीडिया पर किस पोस्ट को लेकर विवाद सपा के क्षेत्रीय नेता शेर बहादुर यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा थाअमेठी की विधायिका जिनके सर पर सत्ता का और अपने पैसे का इतना गुरूर है कि इनके पिता के उम्र के बुजुर्ग से पैर छुआ रही हैं।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने किया हमला

## लाठी-डंडों से पीटा, महिलाएं-बच्चे समेत 4 घायल; जांच में जुटी पुलिस

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़ ,हरदुआगंज थाना क्षेत्र के बरौठा गांव में छेड़छाड़ का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने खटीक समाज के एक परिवार पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। इस हमले में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।पीड़ित परिवार के सदस्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने उनकी भतीजी के साथ मारपीट की थी। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी पक्ष एकजुट होकर उनके घर पहुंच गया और हमला कर दिया।देवेंद्र के मुताबिक, हमलावरों ने पूरे परिवार को निशाना बनाया। हमले में उनका हाथ टूट गया, सिर फट गया और शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं।

### राजू जन सेवा केंद्र संचालक पर गंभीर आरोप

पीड़ित परिवार ने बरौठा निवासी राजू जन सेवा केंद्रचलाने वाले व्यक्ति पर हमला करने का आरोप लगाया है। देवेंद्र का कहना है कि आरोपी ने उनकी भतीजी के सिर पर डंडा मारा, जिससे वह दहशत में हैयामीन पिछले दो दिनों से ऑटो मालिक के परिजनों को उनके रिश्तेदारों के यहां लाने-ले जाने में लगे थे, जिससे वह कमाई नहीं कर सके और किराया नहीं दे पाए। इसी बीच उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें लूज मोशन होने लगे। इसलिए वह ऑटो लेकर काम पर नहीं गए। घायल लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है।वहीं देवेंद्र के भाई धीरज के सीने में ईंट लगने से वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### महिलाओं और बच्चों से भी मारपीट

परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ा और उनके साथ भी मारपीट की गई।घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक घायल महिला रोते हुए राजू नाम के व्यक्ति पर डंडे से हमला करने का आरोप लगाती दिखाई दे रही है।

# आसाराम केस में दो आरोपी बरी,पीड़िता रो पड़ी

**बोली- इन्हीं लोगों ने मुझे आसाराम तक पहुंचाया; पिता बोले- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर ,राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम यौन शोषण मामले में सहआरोपी शिल्पी और शरद को बरी कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने दोनों को 20-20 साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद शाहजहांपुर निवासी पीड़िता भावुक हो गई और रो पड़ी। उसने अपने पिता से कहा कि जिन लोगों ने पूरी साजिश की शुरूआत की, उन्हें अदालत ने कैसे बरी कर दिया।पीड़िता बोली- अगर वे मुझे आसाराम के पास न ले जाते तो घटना नहीं होती।पीड़िता का कहना है कि शिल्पी और शरद ने ही उसे आसाराम के पास पहुंचाया था। अगर वे ऐसा नहीं करते तो उसके साथ यह घटना कभी नहीं होती। फैसले से आहत पीड़िता ने अपने पिता से न्याय के लिए आगे लड़ाई जारी रखने की बात कही। पिता ने दिलासा दिया, बोले- सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगेपीड़िता के पिता ने बेटी को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बचने नहीं दिया जाएगा और न्याय मिलने तक कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। वार्डन ने कहा था- बच्ची पर प्रेत का साया है पीड़िता के पिता ने घटना को याद करते हुए बताया कि उस समय शिल्पी छात्रावास में वार्डन थी। एक रात उनकी बेटी को चक्कर आया और वह गिर गई।साथ की छात्राओं के शोर मचाने पर शिल्पी वहां पहुंची और उसने कहा कि बच्ची पर प्रेत का साया है।उसी दौरान शरद भी वहां आ गया था। दोनों ने मिलकर बच्ची से एक मंत्र का जाप करवाने की बात कही थी।

### फोन कर बताया था- बेटी गंभीर रूप से बीमार है

पिता के मुताबिक, शिल्पी ने उन्हें फोन कर बताया था कि उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार है।उन्होंने उससे कहा था कि संस्थान में उनके एक लाख रुपए एडवांस जमा हैं, इसलिए बच्ची का बेहतर इलाज कराया जाए।उन्होंने यह भी बताया था कि शाहजहांपुर से छिंदवाड़ा की दूरी करीब एक हजार किलोमीटर है, इसलिए वहां पहुंचने में समय लगेगा।छिंदवाड़ा पहुंचने पर बेटी से मिलने नहीं दिया गयापिता ने बताया कि जब वे छिंदवाड़ा पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि छात्रावास बंद हो चुका है

# जमीन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**9 घायल, पुलिस ने 10 पर केस दर्ज कर कई को हिरासत में लिया**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , कुंडा कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया बुजुर्ग गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।25 मई की रात करीब नौ बजे हुई इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से राम प्रसाद के बेटे राम सुमेर, उनकी पत्नी मनीषा, बेटा नीरज, बादल सरोज की पत्नी मीना और उनका बेटा सचिन शामिल हैं। दूसरे पक्ष से धीरज सरोज, प्रमोद, अनिल, राजू सरोज, सीमा सरोज और विकल सरोज चोटिल हुए।मारपीट की सूचना मिलते ही दरोगा अंकित सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के सामने भी विवाद जारी रहा, जिसके बाद काफी मशक्कत से दोनों पक्षों को शांत कराया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। दरोगा अंकित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।इनमें एक पक्ष से राम सुमेर, सचिन, धीरज, नीरज, मीना देवी और मनीषा, जबकि दूसरे पक्ष से सीमा सरोज, प्रमोद, राजू और अनिल के नाम शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 2 पोतियों और दादी की मौत

**स्कॉर्पियो ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी, गेट काटकर निकाले शव; दिल्ली से जौनपुर जा रहे थे**

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़ ,रायबरेली में गंगा एक्सप्रेसवे पर रात साढ़े 10 बजे एक स्कॉर्पियो कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दादी और उनकी 2 पोतियों की मौत हो गई। परिवार के 5 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सभी स्कॉर्पियो के अंदर ही फंस गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग भागकर आए। पुलिस और राहत टीम को सूचना दी। स्कॉर्पियो का गेट काटकर घायलों को बाहर निकाला। हादसे में 2 बच्चियों संगीता सिंह (21), समृद्धि सिंह (7) और उनकी दादी सरोज सिंह (60) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में गुरचरण सिंह (36), नीरज सिंह (42), सविता सिंह (38), प्रतिभा सिंह (32) और समर्थ सिंह (5) शामिल हैं। परिवार नोएडा से जौनपुर के सीलमपुर गांव जा रहा था। घटना रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के पास की है। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से जौनपुर के सुजानपुर थाना क्षेत्र के सीलमपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रताप सिंह परिवार के साथ दिल्ली के साकेत स्थित इग्नो रोड इलाके में रहते हैं। परिवार में पत्नी सरोज सिंह, बेटा गुरचरण सिंह, बहू प्रतिभा सिंह, पोती समृद्धि सिंह और पोता समर्थ सिंह है। राजेंद्र के भतीजे नीरज सिंह, उनकी पत्नी सविता सिंह, बेटी संगीता सिंह भी पास में ही रहते हैं। नीरज के पिता यानी राजेंद्र भाई धीरेंद्र प्रताप सिंह की काफी पहले मौत हो चुकी है। गुरु चरण बिजली विभाग के ऑफिस में सरकारी कर्मचारी हैं। भाई नीरज सिंह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि गांव में रामायण का कार्यक्रम था।

## संक्षेप

### फूड प्वाइजनिंग से चार लोगों की तबीयत बिगड़ी

**पेट दर्द-उल्टी और तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती**

बागपत ,लहचौड़ा गांव में फूड प्वाइजनिंग के कारण एक ही परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को पेट दर्द, उल्टी और तेज बुखार की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, लहचौड़ा गांव निवासी यासीन के परिवार के सदस्य नगमा, समीना, ताशीना और सोनू रात में आलू-गोभी की सब्जी खाकर सोए थे। सुबह अचानक सभी को पेट में दर्द, उल्टी और तेज बुखार की शिकायत हुई। शुरूआत में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन राहत न मिलने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है।फिलहाल चारों लोगों की हालत सामान्य बताई जा रही है। जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट मुकेश ने बताया कि सभी मरीजों को संक्रमण की शिकायत थी, जिसका उपचार कर लिया गया है और उनकी हालत स्थिर है। फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है और मामले की जांच में जुट गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल में भर्ती लोगों के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

**एक लुटेरा घायल, अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद**

बागपत ,बड़ौत कोतवाली पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों ने एक महिला से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बाइक सवार अभियुक्त किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान घेराबंदी की। जब पुलिस ने लुटेरों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग भी की।जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से गाजियाबाद निवासी कार्तिक उर्फ गोलू घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका साथी, बागपत के बिजरोल निवासी अंकुर उर्फ चिराग को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### हाईवे पर टेंपो रेस में चार घायल

**मेरठ-करनाल हाईवे पर कंकरखेड़ा से पोहल्ली तक पुलिस बेखबर**

मेरठ,करनाल हाईवे पर शाम दो टेंपो चालकों की रेस के कारण चार लोग घायल हो गए। यह घटना कंकरखेड़ा फ्लाईओवर से सरधना थाना क्षेत्र के पोहल्ली गांव तक हुई, जहां पुलिस की कथित लापरवाही सामने आई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे पर सवारियों से भरे दो टेंपो ऐसे दौड़ रहे थे, मानो किसी फिल्म की स्टंट शूटिंग चल रही हो। चालकों की 'पहले मैं' की होड़ में आम लोगों की जान दांव पर लग गई थी। पूरे रास्ते हाईवे पर अफरा-तफरी मची रही और कई यातायात व्यवस्था संभालने का दावा करने वाली पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

# 2000 छात्रों का प्रदर्शन, बोले- कॉकरोच सड़कों पर

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा, 12 जून को छात्र लखनऊ आएंगे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , शाम 2 हजार से ज्यादा प्रतियोगी छात्रों ने करीब ढाई घंटे प्रदर्शन किया। ठएएळ पेपर लीक और अन्य भर्ती परीक्षाओं में धांधली का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। छात्रों ने कहा- आज कॉकरोच प्रयागराज की सड़कों पर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा धांधली हो रही है। छात्रों ने कहा, पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों का भरोसा संस्थाओं और परीक्षा सिस्टम से उठ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विरोध किसी एक परीक्षा को लेकर नहीं, बल्कि हमारी लड़ाई पूरे सिस्टम के खिलाफ है। छात्रों ने अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि ये हमारी अपनी लड़ाई है, हमें खुद ही यह लड़ाई लड़नी पड़ेगी। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने 12 जून को लखनऊ चलो आंदोलन का ऐलान किया। यह भी कहा कि 30 मई को एक रिमाइंडर ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी को और एक ज्ञापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा जाएगा। यूपी दरोगा भर्ती का स्कोर कार्ड जारी किया जाए। लेखपाल परीक्षा रद्द की जाए। भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया जाए पेपर लीक मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। हालात को संभालने के लिए चार थानों की फोर्स मौके पर मौजूद रही। इनमें दो , 200 पुलिस कर्मी और क्विक रेस्पांस टीम भी शामिल थी। ड्रोन से निगरानी की गई। यह प्रदर्शन संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच के नेतृत्व में हुआ। संयोजक पंकज पांडेय ने कहा- हमारा उद्देश्य युवाओं की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। हमारा विरोध किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग के लिए है। मेहनत कर रहे विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।छात्रों के प्रदर्शन से जुड़ी पल-पल की अपडेट्स पढ़ने के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाइएङ्ख मौके पर सिविल लाइंस, कर्नलगंज, शिवकुटी, कैंट थानों की फोर्स मौजूद है। इसमें दो एसीपी, 200 पुलिस कर्मी, और क्यूआरटी भी लगाई गई है। जिसमें नए ट्रेनी पुलिस कर्मी भी है।

# हिस्ट्रीशीटर ने दिनदहाड़े फायरिंग की

## स्कॉर्पियो से उतरते ही गोली चलाई, फिर भागा; दहशत में दुकानें बंद हुईं

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,झूंसी में दिनदहाड़े हिस्ट्रीशीटर ने बाजार में स्कॉर्पियो से उतरते ही असलहा लहराया। इसके बाद फायरिंग की। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हिस्ट्रीशीटर वहां से फरार हो गया। मामले में दूसरे पक्ष की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। पूरा मामला शनिवार दोपहर 12 बजे झूंसी थाना क्षेत्र का है। अब पूरा मामला पढ़िएङ्ख प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, झूंसी में लाल चौक के पास दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। बात पहले गालीगलौज से शुरू हुई और इसके बाद मारपीट होने लगी। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो से आए हिस्ट्रीशीटर ने असलहा निकालकर फायरिंग शुरू कर दी।दहशत में आए दुकानदारों ने शटर गिरा दिए और बाजार में मौजूद लोगों में भी भगदड़ मच गई। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर असलहा लहराते हुए भाग निकला। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया- आरोपी जेलर उर्फ मानवेंद्र सरायइनायत का रहने वाला है। झूंसी के ही पवन गोस्वामी से उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तहरीर मिली है, जिसके आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# जेल में मिलाई के दौरान बंदियों के परिजन भिड़े

**बामुश्किल स्थिति को संभाला गया, असलम हत्याकांड के आरोपी व पीड़ित पक्ष में हुई भिड़ंत**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,जेल में मिलाई करने पहुंचे बंदियों के परिजन आपस में भिड़ गए। इससे वहां अफरा तफरी मच गई। मौजूद जेल सुरक्षा कर्मियों ने दोनों पक्षों को संभाला और चेतावनी देकर बाहर निकाल दिया। सूचना मिलते ही मेडिकल पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दोनों पक्ष वहां से जा चुके थे। नौचंदी थाना क्षेत्र में 6 फरवरी को असलम की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में 6 से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था जो वर्तमान में जिला जेल मेरठ में बंद हैं। असलम पक्ष के भी दो लोग जेल में काफी पुराने समय से बंद चले आ रहे हैं। बुधवार को इन दोनों ही पक्ष के लोगों में मिलाई के दौरान पहले नोकझोंक और फिर हाथापाई हो गई।ईद से पहले पहुंचे थे मिलाई करने ईद के चलते बुधवार को दोनों ही पक्ष के लोग जिला जेल में अपने-अपने लोगों से मिलाई करने के लिए पहुंचे थे। कतार में लगने के दौरान ही दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई थी। इसके बाद छींटाकशी शुरू हो गई। उस वक्त तो सुरक्षा कर्मियों ने फटकार कर दोनों पक्षों को शांत कर दिया लेकिन अंदर जैसे ही मिलाई के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आए उनमें फिर बहस शुरू हो गई। मारपीट होते ही मचा हड़कंप जेल के अंदर मिलाई सार्वजनिक रूप से और सामूहिक तौर पर कराई जाती है।

जिस वक्त असलम के आरोपी अपने परिवार से मिल रहे थे, उस वक्त असलम पक्ष के भी दो लोग वहां बंद थे। एक दूसरे को देखते ही उन्होंने कटाक्ष करने शुरू कर दिये।

# आईआईएमटी की एमबीए छात्रा की मौत पर स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

## छात्रों की पुलिस से नोकझोंक बड़े आंदोलन की दी चेतावनी ,राजनैतिक पार्टियों ने भी दिया समर्थन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,आईआईएमटी में एमबीए छात्रा अनु गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में छात्र नेता विजित तालियान, मोहम्मद शान समेत बड़ी संख्या में छात्र कमिश्नरी पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक अनु को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।कमिश्नरी की ओर बढ़ रहे छात्रों को रास्ते में ही सीओ शुचिता सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ रोक लिया। मौके पर काफी देर तक छात्रों और पुलिस के बीच बहस होती रही। बाद में एडीएम सिटी बृजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत कर उनकी बात सुनी। अधिकारियों ने छात्रों को मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्रों ने अपना ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंप दिया। छात्रों का आरोप था कि मामले में अब तक जिम्मेदार लोगों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। छात्र नेताओं ने साफ कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।छात्र नेता विजित तालियान ने कहा कि कुछ दिन पहले यूनिवर्सिटी में बहन अनु गुप्ता की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या थी या हत्या, पांच दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी स्तर पर जांच आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र प्रशासन से मदद मांगने आए थे, लेकिन भारी पुलिस बल लगाकर उन्हें बीच सड़क पर रोक दिया गया, जो पुलिस की तानाशाही को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों से उनकी बातचीत हुई है और अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले की जांच कराई जाएगी। विजित तालियान ने चेतावनी दी कि अगर अनु की तेरहवीं तक निष्पक्ष जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो छात्र सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगला कदम और बड़ा होगा, जिसमें दोबारा प्रदर्शन, मशाल जुलूस और अन्य आंदोलन शामिल होंगे।

# गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसी पर हंगामा



**पार्षद ने कर्मियों पर लगाया अभद्रता का आरोप बोले लगातार लोग हो रहे परेशान**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,नगर निगम के वार्ड 50 स्थित लक्की गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने आए लोगों और एजेंसी पर बैठै स्टाफ के बीच खूब हंगामा हुआ। मौके पर पहुंचने स्थानीय पार्षद भी मौके पर पहुंचे तो स्टाफ द्वारा उनसे भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। पार्षद का आरोप है कि पैसे लेकर गैस दी जा रही है और जो लोग अपने सिलेंडर की डिलीवरी डेट पर पहुंच रहे हैं उनको सिलेंडर नहीं मिला। पार्षद संजय सैनी ने आरोप लगाया कि पहले भी गैस की कालाबाजरी की सूचना क्षेत्र के लोगों ने मुझे दी थी। इसके बाद मैंने एजेंसी पर बात कर वहां से गाड़ी को हटवा दिया था। इसके बाद आज जब एजेंसी पर हंगामे की सूचना मिली तो मैं मौके पर पहुंचा। वहां मैंने स्टाफ से पूरा मामला पूछा तो उन्होंने मेरे साथ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और गैस न देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि जल्द इसमें सुधार नहीं होता है तो हम क्षेत्रवासी एकत्रित होकर जिला पुर्ति अधिकारी से शिकायत करेंगे। गैस लेने पहुंचे मुनीत शर्मा ने बताया कि सही समय पर मैंने गैस बुक की थी, जिसके बाद आज हम लेने पहुंचे तो स्टाफ ने वहां पर मेरे साथ अभद्रता की। इसके बाद हमने जब विरोध किया तो वहां मौजूद स्टाफ ने कहा कि लड़ना है तो सरकार से लड़ाई कीजिए यहां सिलेंडर नहीं मिलेगा।

# चार्जिंग के दौरान कार में आग लगी

## बिल्डिंग में फैला धुआं, 15 लोगों ने दूसरी इमारत में कूदकर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , देर रात इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के दौरान भीषण आग लग गई। आग लगने से पूरी बिल्डिंग और सीढ़ियों में धुआं भर गया, जिससे वहां रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। घटना लिंक रोड थाना क्षेत्र के सूर्यनगर स्थित ए-77 रामपुरी की है। सूचना मिलते ही वैशाली और साहिबाबाद फायर स्टेशन से दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।आग और धुएं के बीच बिल्डिंग में फंसे करीब 15 लोगों ने किसी तरह पास की बिल्डिंग में कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंचे मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल कर्मियों ने करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। कार में आग लगते ही तेज धमाका हुआ।चार्जिंग के दौरान कार में लगी आग पुलिस और फायर विभाग के मुताबिक, बिल्डिंग में एक कंपनी का इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टेशन बना हुआ है, जहां गाड़ियों की चार्जिंग की जाती है। रात के समय एक इलेक्ट्रिक कार चार्ज हो रही थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। सीढ़ियों में भर गया धुआंबिल्डिंग में रहने वाले राकेश ने बताया कि जब उन्होंने सीढ़ियों की तरफ देखा तो नीचे ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी कार धू-धू कर जल रही थी। धुआं तेजी से ऊपर की तरफ फैल रहा था। इसके बाद उन्होंने ऊपर जाकर शोर मचाया और लोगों को जगाया। सभी लोग किसी तरह बराबर वाली बिल्डिंग के सहारे बाहर निकले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हालांकि फायर विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

# मुझे लेकर जाओ , वरना पापा मुझे मार देंगे

## पिता और सौतेली मां ने बेटी की हत्या की, कहा- मोबाइल पर लड़कों से बात करती थी

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,पिता ने दूसरी पत्नी के साथ मिलकर अपनी 17 साल बेटी को मार डाला। फिर गुपचुप तरीके से शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लड़की के मामा को इसका पता चला तो वह गांव पहुंच गए और विरोध कर दिया। मामा की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई। रात हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिता ने बताया- बेटी मोबाइल चलाती थी और लड़कों से बात करती थी। इसलिए गला घोट कर हत्या कर दी। वहीं इस मामले में पुलिस को एक ऑडियो भी मिला है। ऑडियो में बेटी अपनी मौसी से बोल रही है कि मामा से कह दो, वह मुझे आकर ले जाएंगे, वरना यह लोग मुझे मार देंगे। घटना भावनपुर थाना क्षेत्र की गोकुलधाम सोसाइटी की है।अब पढ़िए पूरा मामला भावनपुर थाना क्षेत्र की गोकुलधाम सोसाइटी में कपिल भारद्वाज परिवार के साथ रहते हैं। साल 2009 में कपिल भारद्वाज की शादी हापुड़ निवासी प्रीति से हुई थी। शादी के बाद प्रीति ने एक बेटी खुशी उर्फ खुशबु और फिर एक बेटे राधे को जन्म दिया। वर्ष 2017 में प्रीति की मौत हो गई।इसके बाद कपिल ने 6 महीने बाद ही पिंकी नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली। सोमवार रात बेटी खुशी की में मौत हो गई। कपिल भारद्वाज ने आनन फानन में बेटी का अंतिम संस्कार भी कर दिया मृतका खुशी के मामा हापुड़ निवासी भूपेंद्र शर्मा पुत्र शिवकुमार शर्मा निवासी नई पन्नापुरी हापुड़ को किसी ने फोन कर बताया कि उनकी भांजी खुशी की मौत हो गई है। वह जब तक मेरठ पहुंचते तब तक खुशी का अंतिम संस्कार हो चुका था। उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की और कपिल पर भांजी की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने छानबीन शुरू की। कुछ घंटे बाद ही पिता कपिल को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार देर रात ही पुलिस ने कपिल भारद्वाज के खिलाफ बेटी की हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पिता ने ही बेटी की गला घोटकर हत्या की है। इसमें उसका साथ सौतेली मां ने भी की है। इस मामले में पुलिस ने कपिल की दूसरी पत्नी पिंकी को भी हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ चल रही है। जुर्म कबूल करने के बाद भी आरोपी कपिल पुलिस के गुमराह करता रहा। उसका कहना था कि खुशी की स्कूल से शिकायत आती थी। वह मोबाइल चलाती थी। साथ ही लड़को से बात करती थी। इसलिए उन्होंने हत्या की। महिला पुलिसकर्मियों ने पिंकी के बयान लिए तो वह भी बीमारी से मौत की बात कहकर पुलिस को गुमराह करती रही। पिंकी से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि संपत्ति में हिस्सा न देना पड़े इसलिए खुशी की हत्या की गई है। जांच में यह भी सामने आया है कि सौतेली मां के बेटी होने के बाद आरोपियों ने पहली पत्नी की बेटी के साथ उत्पीड़न शुरू कर दिया था।

# पुलिस ने गोपाल शर्मा हत्याकांड में कार्रवाई की

**हुक्का पीने वाले मकान की दीवारें जेसीबी से तोड़ीं**

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर गोपाल शर्मा हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने उस खाली मकान की दीवारों को जेसीबी मशीन से तुड़वा दिया, जहां से गोपाल का शव बरामद हुआ था और जहां अक्सर युवक हुक्का पीते थे। इस दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। गोपाल शर्मा 21 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। दो दिन बाद, 23 मई की सुबह उसका शव पास के रोही गांव स्थित एक खाली मकान से मिला था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था और परिजन लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जिस मकान में शव मिला था, वहां कुछ युवक अक्सर हुक्का पीने के लिए इकट्ठा होते थे। पुलिस अब इस पहलू को भी अपनी जांच में शामिल कर रही है। बुधवार को मकान की दीवारें तोड़ने के बाद पुलिस ने अंदर और आसपास के क्षेत्र की गहनता से तलाशी ली।

# घर के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुराना विवाद बताया जा रहा कारण

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी दो कारों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, यह घटना 25 मई को सूरजपुर कस्बे की शिव मंदिर वाली गली में हुई। पीड़ित की अपनी कार और पड़ोसी गजेंद्र थारी पुत्र सुभाष चंद की कार घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान रोकी, रौनक, अशोक और 8-9 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और दोनों वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। घटना के पीछे वाहन खड़ा करने को लेकर पुराना विवाद बताया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पहले भी वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद किया था और कुछ दिन पहले भी उनकी गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया था। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित के पास मौजूद है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नोएडा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरजपुर थाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की




गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की है। पुलिस टीम साक्ष्य संकलन करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# 10 से 30 रुपए होगा सिटी बस किराया

## 100 ई-बसें चलेंगी, 10 डबल डेकर शामिल; मुख्य सड़कों से हटेंगे ई-रिक्शा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। जून के पहले सप्ताह से ई-बसों का ट्रायल शुरू होगा, जबकि 15 जून तक अधिकांश बसों को सड़कों पर उतार दिया जाएगा। पहले चरण में कुल 100 ई-बसें चलाई जाएंगी। इनमें 10 डबल डेकर बसें शामिल होंगी, जबकि करीब 90 बसें 9 और 12 मीटर लंबाई की होंगी। ये बसें नोएडा के एमपी-1, एमपी-2, एमपी-3, जोनल रोड नंबर-6 और एक्सप्रेसवे रूट पर संचालित होंगी। बसों का संचालन यूपी रोडवेज करेगा।

### दिल्ली, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक होगा रूट

ई-बसों का रूट दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक तय किया गया है। इसके लिए न्यूनतम किराया 10 रुपए और अधिकतम 30 रुपए रखा जाएगा। वहीं, मासिक पास के किराये को लेकर अभी मंथन चल रहा है। यात्री टिकट ऐप आधारित सिस्टम और मैन्युअल दोनों तरीके से ले सकेंगे। जिन रूटों पर सिटी बसों का संचालन होगा, वहां से ई-रिक्शा हटाए जाएंगे। जीएम एसपी सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में एमओयू की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### पहले चरण में 300 स्टाफ की तैनाती

पहले चरण में 100 बसों के संचालन के लिए करीब 300 कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इसमें ड्राइवर और कंडक्टर शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार बसों के रूट लगभग फाइनल कर लिए गए हैं और दो से तीन दिनों में एमओयू साइन हो जाएंगे। इसके बाद लोगों के लिए दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट और नोएडा के अलग-अलग हिस्सों तक सफर आसान हो जाएगा। प्राथमिकता उन इलाकों को दी जा रही है, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा कम है या बिल्कुल नहीं है।

# संभावित आंधी-तूफान एवं बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट, गांव-गांव चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र।जनपद में दिनांक 29 एवं 30 मई को संभावित तेज आंधी, बारिश तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मौसम की संभावित आपदा से बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा संबंधी पोस्टर एवं बैनर लगाए जा रहे हैं साथ ही लाउडस्पीकर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम, टोल प्लाजा, पुलिस विभाग द्वारा डायल 112 के माध्यम से आमजन को लगातार सतर्क रहने एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है। गांव-गांव में मुनादी कराते हुए लोगों को बताया जा रहा है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं खुले स्थानों से दूर रहें तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि किसान, पशुपालकों, मजदूरों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को सुरक्षित भवनों में शरण लेने, मोबाइल एवं विद्युत उपकरणों का सावधानी से उपयोग करने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी निदेर्शों का पालन किया जाये इस हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि सुरक्षा ही बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जनहित में जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को 112 व 1077 पर तत्काल सूचना दें। प्रशासन द्वारा यह जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर निरंतर संचालित किया जा रहा है।

# गौसपुर गांव राशन कोटे की कोटेदार बनी सोनी




### चुनाव के पश्चात तीन प्रत्याशियों को पछाड़ सोनी बनी विजेता

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के मलवा विकासखंड अंतर्गत गौसपुर गांव में कल सरकारी राशन कोटे के उचित दर विक्रेता का चुनाव संपन्न हुआ राशन कोटे के चुनाव में चार प्रत्याशियों ने अपने-अपने दांव लगाया जिसमें सोनी पत्नी नीरज राजेंद्र पुत्र मोहन सुनीता पत्नी राहुल तथा चंद्रा पत्नी अनिल ने जमकर जनसंपर्क किया वही मतदान के पश्चात गणना प्रारंभ हुई मौके पर मौजूद ग्राम पंचायत सचिव अंशू पाण्डेय की उपस्थिति में गणना की गई जहां सोनी पत्नी नीरज ने 297 मत प्राप्त करते हुए विजय हासिल की मिली जानकारी के अनुसार अन्य तीन प्रतिद्वंदियों को बुरी तरह पछाड़ा सचिव ने बताया कि अन्य प्रत्याशी सुनीता पत्नी राहुल को 12 मत राजेंद्र पुत्र मोहन को 26 मत तथा चंद्रा पत्नी अनिल को मात्र पांच वोट ही प्राप्त हुए वहीं चुनाव संपन्न होने के पश्चात ग्रामीणों में प्रसन्नता का माहौल दिखाई पड़ा सभी लोगों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराया तथा नवनिर्वाचित कोटेदार का भव्य स्वागत किया

# नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान मिशन शक्ति का यही अभियान

### मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में सोनभद्र पुलिस द्वारा जनपद भर में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित।

### महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक।



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही है। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए मिशन शक्ति टीमों द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी, डळढ साझा न करने एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी अथवा महिला संबंधी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
112-आपातकालीन सेवा
1090-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

खास समाचार

# जहरीला पदार्थ खाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहुर गांव निवासी 55 वर्षीय पप्पू ने कल सुबह जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार मृतक पप्पू ने कल शनिवार सुबह पहर लगभग 10 बजे जहरीला पदार्थ खाया जहां जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया आनन-फानन घर में मौजूद पत्नी गीता तथा परिजन नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया यह जानकारी मिलते ही पत्नी गीता के बुरे हाल हो गए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष कल्याणपुर ने तहकीकात की जानकारी लेने पर बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वहीं ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था घरेलू कलर भी चल रही थी इन्हीं सभी समस्याओं से आहत होकर भी मृतक आत्महत्या कर सकता है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात कारण साफ स्पष्ट हो पाएगो

# ग्राम प्रधान बने प्रशासक प्रधानों के चेहरे में दिखी खुशी की लहर

### कार्यक्रम आयोजित कर विधायकों के साथ बाटी खुशियां

अमन लेखनी समाचार



मलवां, फतेहपुर। प्रदेश सरकार ने इतिहास में पहली बार ग्राम पंचायत अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रशासक के रूप में नियुक्त किया प्रशासक बनने की सूचना जैसे ही ग्राम प्रधानों को मिली तो खुशी की लहर दौड़ गई वहीं फतेहपुर जनपद के अनेक क्षेत्र जैसे धाता खागा ललौली जोनिहा बिंदकी देवमई खजुहा तथा अमौली विकासखंडों के ग्राम प्रधानों ने एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं दी वही जनपद के मलवां विकासखंड के प्रधान संघ ने विकास खंड सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल तथा बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी को आमंत्रित किया जहां पहुंचे विधायकों का भव्य सम्मान करते हुए ग्राम प्रधानों ने मुंह मीठा कराया वहीं खुशी जाहिर करते हुए विधायकों ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए वर्तमान सरकार के कार्य का उत्तरदायित्व ईमानदारी से निभाने के लिए सुझाव दिया

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, कई परिवारों की गृहस्थी जलकर राख

### विधायक ने पहुंचकर बांटी राहत सामग्री, हर संभव मदद का दिया भरोसा

अमन लेखनी समाचार



बेहंदर। बेहंदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखनी के मजरा नंदा खेड़ा में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने कई परिवारों को भारी नुकसान पहुंचाया। आग की लपटों ने देखते ही देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये मूल्य का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में विशंभर, सनता देवी, शिवपाल, रामजीवन, अनुज तथा संतोष कुमार के परिवार सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। आग के कारण घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर समेत दैनिक उपयोग का अधिकांश सामान नष्ट हो गया। पीड़ित परिवारों के सामने अब रहने और जीवनयापन की समस्या खड़ी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही बालामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामपाल वर्मा भाजपा कार्यकर्ता अरिजित वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और नुकसान का जायजा लिया। विधायक ने पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते हुए उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिया। विधायक रामपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आग से प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता और मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र परिवारों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कहा कि आग से हुए नुकसान की पूरी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द राहत दिलाने की मांग की है।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान आवागमन व्यवस्था के संबंध में किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा रॉबर्ट्सगंज-पन्नूगंज मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान फाटक बंद होने से आमजन को होने वाली संभावित आवागमन समस्याओं के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग बिहार को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है तथा रेलवे क्रॉसिंग के पूर्वी क्षेत्र की अधिक आबादी का प्रतिदिन आवागमन इसी मार्ग से होता है। ऐसे में ओवरब्रिज निर्माण के दौरान वैकल्पिक, पैदल व बाइक हेतु मार्ग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज अश्वनी कुमार, सी0ओ0 सीटीं रणधीर मिश्रा एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया। निर्देश के क्रम में प्रशासन एवं रेलवे विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से वार्ता की गई। निरीक्षण के दौरान रेलवे ओवरब्रिज निर्माण स्थल के समीप एक वैकल्पिक स्थान चिन्हित किया गया, जहां से आमजन के पैदल आवागमन एवं बाइक संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। प्रस्तावित व्यवस्था पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने सहमति व्यक्त की तथा इसे जनहित में उपयुक्त बताया। रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा भी उक्त व्यवस्था पर सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

### नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु व्यापक तैयारियां पूर्ण

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को सकुशल, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी के निर्देशन में परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ल को नगर प्रभारी नामित किया गया है। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे बैठक की गयी, बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कहा कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) प्रमोद कुमार को जनपद नोडल समन्वयक तथा राजकीय मॉडल महाविद्यालय पवनी कला के प्राचार्य डॉ0 परवेज आलम को उप नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा केन्द्रों पर निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रतिनिधियों की तैनाती गयी है। यह परीक्षा दिनांक 31 मई, 2026 को प्रथम पाली सुबह 09:00 से 12:00 बजे, द्वितीय पाली में 02:00 बजे से 05:00 बजे तक, जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, इस परीक्षा में कुल 2186 परीक्षार्थी सम्मलित होगें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा तथा परीक्षा सामग्री को निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई जा सके। इसके अतिरिक्त संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा परीक्षा से संबंधित गोपनीय अभिलेखों एवं सामग्री की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ सम्पन्न कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सोनभद्र पुलिस द्वारा रॉंग साइड ड्राइविंग रोकने हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान



### सेल्फी स्टेशन/फोटो बूथ बनाकर लोगों को किया गया जागरूक.

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी के नेतृत्व में थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत चोपन कस्बा में यातायात जागरूकता सेल्फी स्टेशन/फोटो बूथ स्थापित कर आमजन को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ह१ङ्गल्लॅ रींॉ ऊ१५ल्लॅ उेँर्स्रङ्गल्ल, गलत साइड = हादसे की फास्ट ट्रैक टिकट, भइया, सड़क शॉर्टकट नहीं होती, गलत दिशा में गाड़ी, सही दिशा में शर्मिंदगी, मेरी जल्दी किसी की जिंदगी से बड़ी नहीं, जिंदगी फिल्म नहीं है, रीटेक नहीं मिलेगा, आज सेल्फी मिल रही है, कल एम्बुलेंस भी मिल सकती है तथा आ जाइए, गलत साइड वालों के लिये वीआईपी एंट्री खुली है जैसे प्रभावशाली जागरूकता संदेशों के माध्यम से वाहन चालकों एवं राहगीरों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमजन द्वारा सेल्फी लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया गया तथा रॉंग साइड ड्राइविंग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चालकों को सही दिशा में वाहन चलाने, हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं पानी देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा भी आमजन को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट लगाने तथा रॉंग साइड ड्राइविंग न करने के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह सहित यातायात पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आगे भी जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# पीएम किसान योजना के लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब सभी लाभार्थी किसानों के लिए वर्ष में एक बार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई किसान निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो भारत सरकार द्वारा उसकी योजना की किस्तें अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही योजना की अगली किस्त जारी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है। किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे स्वयं फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी भी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी किसानों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रुपए 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि ऐसे किसान बंधु जिन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे 30 जून से पूर्व अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करा लें, जिससे योजना की आगामी किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जनगणना कार्य क्षेत्र को दोबारा बढ़ाने का मतलब शिक्षकों का शोषण



### शिक्षकों ने तहसीलदार को सौंपा शिकायती पत्र ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। प्रदेश समेत जनपद में चल रहे जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों ने जनगणना कार्य को आवंटित क्षेत्र का कार्य संपन्न हो जाने के बाद पुनः क्षेत्र बढ़ाए जाने पर आपत्ति जताई तहसीलदार अचलेश सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कंपोजिट स्कूल गांजर के शिक्षक निखिल कुमार सिंह डांडा अमौली के सहायक अध्यापक मोहम्मद इस्माइल शिक्षामित्र कुशल पाल आदि ने अपनी पीड़ा व्यक्ति की उन्होंने तहसीलदार को बताया कि जनगणना कार्य के लिए जो कार्य उन्हें सौपा गया था उन्होंने कड़ी मशक्कत करते हुए भूख प्यास की चिंता ना करते हुए भीषण गर्मी में कठिन परिश्रम के साथ कार्य संपन्न कर लिया वही कार्य संपन्न होते ही एक संदेश के माध्यम से शिक्षकों को सूचित किया जा रहा है कि आवंटित क्षेत्र के पश्चात अतिरिक्त कार्य क्षेत्र भी देखना पड़ेगा इससे साफ जाहिर होता है कि शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है शिक्षकों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए आए हुए संदेश का बहिष्कार कर अतिरिक्त कार्य क्षेत्र में अवरोध लगाने जाने की मांग की

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

